# चुनाव प्रचार में खूब बजी बांसुरी, घटते कारोबार पर नहीं कोई ध्यान

## बड़े नेताओं का पीलीभीत से रिश्ता जोड़ने के लिए बांसुरी भेंट कर स्थानीय कार्यकर्ताओं ने लूटी थी बाहवाही

सुनील यादव, पीलीभीत



बांसुरी तैयार करते कारीगर। ● अमृत विचार

- एक जनपद एक उत्पाद योजना में शामिल होने पर भी नहीं बढ़ा बांसुरी का कारोबार
- दूसरा व्यवसाय तलाश रहे बांसुरी कारोबारी, परिवार का खर्च चलाना मुश्किल

**अमृत विचार:** लोकसभा के चुनाव प्रचार में इस बार पीलीभीत के बाघ एवं बांसुरी का खूब महिमा मंडन किया गया। प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री समेत कई बड़े नेताओं ने चुनावी सभा में पीलीभीत की बांसुरी का जिक्र किया। उन्हें स्थानीय नेताओं ने उपहार के तौर पर बांसुरी भेंट की। बांसुरी कारोबार को एक जिला एक उत्पाद में भी शामिल किया जा चुका है। मगर बांसुरी कारोबारियों के दिन नहीं बहुरे। किसी भी दल के नेता ने बांसुरी कारोबार और इससे जुड़े कारोबारियों का दर्द जानने की कोशिश नहीं की। तमाम झंझावतों के चलते वर्तमान में बांसुरी के सुर बिखरते जा रहे हैं। इस कारोबार में आठ माह पहले अचानक आई मंदी लगातार बनी हुई है। नाउम्मीदी के दौर से गुजर रहे बांसुरी कारोबारी अब दूसरा व्यवसाय तलाश रहे हैं।

लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान इस बार राजनीतिक दलों के बड़े नेताओं की पीलीभीत में खूब आमद हुई। बड़ी-बड़ी जनसभाएं आयोजित की गईं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत सत्ताधारी भाजपा के बड़े-बड़े नेताओं ने पीलीभीत से अपनत्व दिखाने के लिए यहां की शान कही जाने वाली बांसुरी का गुणगान किया। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री समेत कई नेताओं को स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने तोहफे के तौर पर बांसुरी भेंट की। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जनपद में आने पर उन्हें उपहार स्वरूप बांसुरी दी गई। यानी बांसुरी पीलीभीत का सिंबल सा बन गया। चाहे किसी बड़े अफसर की आमद हो या फिर सुंदूर से आने वाले मेहमान, सभी को उपहार में बांसुरी देने की परंपरा चल पड़ी है। इतना सबकुछ होने के बाद भी पीलीभीत के डूबते बांसुरी कारोबार पर किसी का ध्यान नहीं जाता। वर्ष 2018 में बांसुरी को एक जिला एक उत्पाद योजना में शामिल किया गया था। शुरुआती दौर में इससे जुड़े कारोबारियों को बड़े-बड़े ख्वाब दिखाए गए। बड़ा प्लेटफॉर्म मुहैया कराने की बातें की गईं। हालांकि बांसुरी से जुड़े चंद कारोबारियों को ही योजना का लाभ मिल पाया। तमाम समस्याओं से जूझते बांसुरी कारोबारियों ने जैसे-तैसे धंधा बढ़ाया, लेकिन पिछले करीब एक से बांसुरी कारोबार निरंतर घटता जा रहा है। कारोबारियों के मुताबिक करीब आठ माह पहले तक जिले से 50 लाख से अधिक बांसुरी की खपत होती है, जो अब घटकर महज दो से ढाई लाख रह गई है। यह मंदी पिछले आठ माह से निरंतर जारी है। कारोबारियों को भी कुछ समझ नहीं आ रहा है। पिछले कुछ माह से कारोबारी सरकार की ओर टकटकी लगाए हैं, लेकिन मगर अभी तक कुछ हाथ नहीं आया।

### इस दशा से गुजर रहा बांसुरी कारोबार

व्यापारियों के मुताबिक करीब ढाई दशक पहले जिले में बांसुरी कारोबारियों का करीब एक करोड़ रुपये का टर्नओवर था। अब यह घटकर 15-20 लाख रुपये रह गया है। दशकों पूर्व इस कारोबार से 100 से अधिक कारोबारी और सैकड़ों कारीगर जुड़े थे। यहां की बांसुरी अहमदाबाद, भोपाल, हैदराबाद के अलावा श्रीलंका, अमेरिका, फ्रांस, डेनमार्क आदि में आपूर्ति की जाती थी। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इन बांसुरियों की कीमत 250 से 40,000 रुपये तक थी। मगर अब हालात बदल चुके हैं। कारोबारी घटकर 20 के आसपास रह गए हैं। वहीं, 150 से अधिक परिवार बांसुरी बनाने का काम छोड़ चुके हैं।

### क्या कहते हैं बांसुरी कारोबारी



अन्य उत्पादों की बिक्री के लिए प्लेटफॉर्म हैं, लेकिन बांसुरी के लिए कहीं कुछ नहीं है। ऑनलाइन मार्ट के माध्यम से बिक्री की व्यवस्था की गई, लेकिन यह सिर्फ नाम भर है। यदि यही हालात रहे तो एक शताब्दी से अधिक का सफर तय कर चुका यह कारोबार चार-पांच साल के भीतर खत्म हो जाएगा।
– **इकरार अहमद**, बांसुरी कारोबारी

# गौहनिया तालाब की रेलिंग क्षतिग्रस्त, हादसे का खतरा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



तालाब में गिरती जा रही क्षतिग्रस्त रेलिंग।

**अमृत विचार:** टनकपुर हाईवे पर गौहनिया चौराहा के पास स्थित तालाब किनारे लगी रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गई है। रात में हाईवे पर गुजरने वाले राहगीरों को हादसे का डर बना हुआ है। डीएम को इससे अवगत कराते हुए सुधार कराने की मांग की गई है।

गौहनिया चौराहा से जिला अस्पताल की ओर बढ़ने पर एक तालाब है। हाईवे से सटा तालाब होने की वजह से लोहे की रेलिंग बनवाई गई थी, ताकि हादसे से बचा जा सके। मगर बीते दिनों ये रेलिंग क्षतिग्रस्त होने लगी। इसकी मरम्मत पर जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया। अब आलम ये है कि रेलिंग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर एक तरफ से तालाब में ही गिर गई है। इस मार्ग पर आवागमन दिन रात होता है। रोशनी के भी पर्याप्त इंतजाम नहीं है। नजदीक में ही कॉलेज, बरातघर, अस्पताल, कॉलोनी होने के चलते आवाजाही के बीच हादसे का डर बना हुआ है। अब शहर के निवासी सामाजिक कार्यकर्ता शिवम कश्यप एडवोकेट ने इस समस्या पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। डीएम समेत अन्य अधिकारियों को अवगत कराते हुए उन्होंने कहा कि ये शहर का सबसे व्यस्ततम मार्ग है। राष्ट्रीय राजमार्ग की रेलिंग तालाब में गिर गई है। लगातार मिट्टी का कटान हो रहा है। इसका जल्द सुधार कराने की मांग की है।

# सुख शांति और समृद्धि के लिए किया महायज्ञ

संवाददाता, बिलसंडा



बिलसंडा के मां दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित हवन में आहुतियां देते श्रद्धालु।

- दुर्गा आरती मंडल ने किया आयोजन, भक्तों की रही खासी भीड़

अमृत विचारः सुख शांति एवं समृद्धि के लिए नगर के देवी स्थान मंदिर में चल रहे दुर्गा महोत्सव में 11वें दिन रविवार को महायज्ञ हुआ। हवन पूजन में नगर के तमाम भक्तों ने परिवार सहित पूर्णाहुति दी। मंदिर परिसर में देर सायं तक नगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों से भी भक्त पहुंचे। यज्ञ स्थल की परिक्रमा कर पूजा अर्चना की गई। समाज व परिवार की सुख समृद्धि की कामना के साथ प्रसाद ग्रहण किया।

मां दुर्गा आरती मंडल के तत्वावधान में चल रहे कार्यक्रम में सुबह आठ बजे से सैकड़ो नगरवासियों महिलाओं बच्चों ने नगर में झंडी यात्रा निकालकर चारों धूरों की पूजा की।जिसे नगर पूजा व धुरे पूजन कहते हैं। दोपहर बाद भव्य कलश यात्रा के साथ मंदिर प्रांगण में महायज्ञ शुरू हुआ।

जिसमे यज्ञाचार्य द्वारा मां शक्ति स्वरूपा की विधि विधान से पूजा पाठ कराया गया। जिसमें यजमान के रूप में रामचन्द्र जायसवाल,सुनीता जायसवाल, दीपक,पूजा, दिलीप,आयुषि जायसवाल, अनिल कश्यप शामिल हुए। विश्व की सुख-शांति के लिए मां जगत जननी से प्रार्थना की।नगर पूजा में देर रात तक भक्तों की भीड़ रही। व्यवस्था में दिलीप जायसवाल,बंटू जायसवाल,अनिल गुप्ता, सुरेंद्र सैनी,आलोक जायसवाल रिंकू,मनीष कटियार, दिनेश महतिया, अंकित जायसवाल, सुमित जायसवाल,राजीश गुप्ता,अजय जायसवाल, व्यापारी नेता अवनीश जायसवाल, देवदत्त सक्सेना, अधिवक्ता आशीष सक्सेना, राजीव गुप्ता डब्बल, वैभव सक्सेना का सहयोग रहा।

# लोकतंत्र के उत्सव में फिर पीछे रह गई आधी आबादी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए कतार में खड़ी महिलाएं (फाइल फोटो)। ● अमृत विचार

- अबकी बार 61.21 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने किया मतदान, 2019 में 66.84 फीसदी महिलाओं ने डाले थे वोट
- बीसलपुर में सबसे कम 55.95 प्रतिशत महिलाओं ने की वोटिंग

**अमृत विचारः** लोकतंत्र के महापर्व में इस बार भी आधी आबादी ने मतदान करने में कोई खास दिलचस्पी नहीं दिखाई। लोकसभा सीट की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में 61.21 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जबकि, 2019 के लोकसभा चुनाव में 66.84 फीसदी महिलाओं ने वोट डाले थे। कुल मिलाकर देखा जाए तो महिलाओं का रुझान मतदान के प्रति घटता नजर आ रहा है।

पीलीभीत लोकसभा सीट पर प्रथम चरण में 19 अप्रैल को हुए मतदान को लेकर पिछले महीने से तैयारियां चल रही थीं। शत प्रतिशत मतदान को लेकर तमाम मतदाता जागरुकता अभियान चलाए गए। जागरुकता अभियानों में आधी आबादी का खास तरजीह देते हुए उनसे अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई। पिछले लोकसभा चुनाव से अधिक मतदान प्रतिशत बढ़ाने को प्रशासन ने भी ऐड़ी चोटी का जोर लगाया, मगर मुहिम का असर सार्थक नहीं दिखा। इसे चाहे मौसम की मार कहें या फिर जिम्मेदारों की ओर मतदान का अलख जगाने में से बरती गई लापरवाही, मतदान प्रतिशत पिछले लोकसभा चुनाव से 5.47 प्रतिशत घटकर 61.91 प्रतिशत रह गया।

मतदान प्रतिशत कम होने में कहीं न कहीं आधी आबादी भी जिम्मेदार है। पीलीभीत सीट पर इस बार 18,31,699 के सापेक्ष कुल 11,55,917 मतदाताओं ने ही वोट डाले। पीलीभीत विधानसभा में 236544 बरखेड़ा में 220011, पूरनपुर में 247016, बीसलपुर में 217668 और बहेड़ी में 240578 मतदाताओं ने ही मतदान किया।

### लोकसभा चुनाव में महिला मतदाताओं की स्थिति

| विधानसभा | कुल महिला मतदाता | वोट पड़े | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| पीलीभीत | 178954 | 107067 | 59 .82 |
| बरखेड़ा | 154060 | 100613 | 65 .30 |
| पूरनपुर | 179508 | 114120 | 63 .57 |
| बीसलपुर | 168243 | 94138 | 55 .95 |
| बहेड़ी | 172317 | 106306 | 61.69 |

### पिछले लोकसभा चुनाव से 5.63 प्रतिशत कम महिलाओं ने डाले वोट

संसदीय क्षेत्र की सभी पांचों विधानसभा में 8,53,082 महिला मतदाता हैं। जिनमें 5,22,244 महिलाओं ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पीलीभीत विधानसभा में 1,07067, बरखेड़ा में 100613, पूरनपुर में 114120, बीसलपुर में 94138 और बहेड़ी विधानसभा में 106306 महिला मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिया। कुल 61 .21 प्रतिशत महिलाओं ने वोट डाले। 2019 लोकसभा चुनाव की बात करें तो 812316 के सापेक्ष 542973 महिला वोटरों ने मतदान किया था। महिला मतदाताओं का प्रतिशत पिछले लोकसभा चुनाव से 5 .63 प्रतिशत घटा है।

## यूपी बोर्ड के मेधावी



अंजलि अवस्थी, 92 .83% हाईस्कूल, सरस्वती उमा विद्या मंदिर बिलसंडा



कृष्णा जायसवाल, 92 .6% हाईस्कूल, सरस्वती उमा विद्या मंदिर बिलसंडा



अक्षत गुप्ता, 90 .83% हाईस्कूल, सरस्वती उमा विद्या मंदिर बिलसंडा



सौरभ राठौर, 90 .99% हाईस्कूल, रुक्मणी मेमोरियल पब्लिक स्कूल बिठौराकलां



अभय प्रताप सिंह, 90% हाईस्कूल, रूप देवी पब्लिक इंटर कॉलेज बिलसंडा



रुकैया खातून, 87 % हाईस्कूल, रुप देवी पब्लिक इंटर कॉलेज बिलसंडा



साइना, 85 % हाईस्कूल, रुप देवी पब्लिक इंटर कॉलेज बिलसंडा



प्रियांशु, 90 .33 % हाईस्कूल, स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज बिलसंडा



सीमा देवी, 81 .4% इंटरमीडिएट, श्रीगुरु तेग बहादुर इंटर कॉलेज मरौरी खास बिलसंडा



गुरप्रीत कौर, 81 .2 % इंटरमीडिएट , श्रीगुरु तेग बहादुर इंटर कॉलेज मरौरी खास बिलसंडा



अपूर्वा दुबे, 83 .8% इंटरमीडिएट, श्रीगुरु तेग बहादुर इंटर कॉलेज मरौरी खास बिलसंडा



अदिति सिंह, 85 % हाईस्कूल, रश्मि धर्मेंद्र पब्लिक इंटर कॉलेज बिलसंडा



मुनीर रजा, 85 % हाईस्कूल, एके इंटर कॉलेज न्यूरिया हुसैनपुर



हुमैरा, 81 % हाईस्कूल, एके इंटर कॉलेज न्यूरिया हुसैनपुर



राधिका, 82 .2% इंटरमीडिएट, एके इंटर कॉलेज न्यूरिया हुसैनपुर



अंशिका गंगवार, 91 .6 % इंटरमीडिएट, अंगूरी देवी बालिका इंटर कॉलेज पीलीभीत



अंशिका गंगवार 90 .8% इंटरमीडिएट, अंगूरी देवी बालिका इंटर कॉलेज पीलीभीत



शगुन गंगवार, 90 .02 % इंटरमीडिएट, अंगूरी देवी बालिका इंटर कॉलेज पीलीभीत



अंशिका यादव, 90% इंटरमीडिएट, अंगूरी देवी बालिका इंटर कॉलेज पीलीभीत



कौशल कुमार , 89 .8 % इंटरमीडिएट, चौधरी उमराव सिंह र इंटर कॉलेज मझोला



बादल, 90% इंटरमीडिएट, चौधरी उमराव सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मझोला



आयुष मंडल, 90 % हाईस्कूल,चौधरी उमराव सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मझोला



आशीष कुमार, 81.83 % हाईस्कूल, महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज बरखेड़ा



अनुपम, 86 .4% इंटरमीडिएट, महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज बरखेड़ा

# संस्कृति ज्ञान परीक्षा के मेधावी किए सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



छात्रा को सम्मानित करते गायत्री शक्ति पीठ के सदस्य।

- गायत्री शक्ति पीठ पर पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित

**अमृत विचारः** नकटादाना चौराहा पर स्थित गायत्री शक्ति पीठ में रविवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2023-24 का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी महेश चंद्र शर्मा ने अध्यक्षता की।

जनपद के विभिन्न विद्यालयों के 5126 छात्र छात्राओं ने परीक्षा में प्रतिभाग किया था। सर्वाधिक परीक्षार्थी अंगूरी देवी बालिका इंटर कॉलेज से थे। इसके बाद चौधरी निहाल सिंह इंटर कॉलेज ऐमी और तीसरे नंबर पर वीरांगना अवंतीबाई बालिका इंटर कॉलेज रहा था। परीक्षा में अंगूरी देवी बालिका इंटर कॉलेज की अंशिका यादव प्रथम, चौधरी निहाल सिंह इंटर कॉलेज के राहुल द्वितीय और वीरांगना अवंतीबाई बालिका इंटर कॉलेज की शिवांशी तीसरे स्थान पर रही थीं। मेधावियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पीएल गंगवार, अनिल कुमार शर्मा, सर्वेश पाल सिंह, परीक्षा के जिला संयोजक हरिशंकर शर्मा, दीनानाथ कश्यप, विनोद कुमार पांडेय, हरिओम गंगवार, मेवाराम भारती, धाराजीत, सीपी गंगवार, मंजू सिंह, कमलेश, मीना, प्रेम नारायन गंगवार रहे।

### द्वितीय सेमेस्टर में शगुन कंचन और मानसी रहीं प्रथम

**पीलीभीत।** चौधरी निहाल सिंह कृषि पीजी कॉलेज के बीएससी (ऑनर्स) कृषि द्वितीय, चतुर्थ, षष्ठम सेमेस्टर के परीक्षा प्रणाम शनिवार को घोषित हुए।द्वितीय सेमेस्टर छात्रा शगुन मिश्रा ने 80 .8 प्रतिशत, कंचन 80 .3 प्रतिशत, मानसी गुप्ता 79 .2 प्रतिशत ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र ज्ञानेंद्र कुमार 81 .8 प्रतिशत, लक्ष्मण ने 81 .7 प्रतिशत, अनामिका सिंह 79 .8 प्रतिशत के साथ क्रमशः प्रथम, द्वितीय ,तृतीय स्थान पर रहे। षष्ठम सेमेस्टर में शिवानी 85 .6 प्रतिशत, कुसुम 81 .7 प्रतिशत, ज्ञानप्रकाश 78 .7 प्रतिशत अंक पाकर क्रमशः प्रथम,द्वितीय ,तृतीय स्थान पर आए।

### पड़ोसियों ने युवक को पीटकर किया घायल

**पीलीभीत।** शहर के मोहल्ला सुनगढ़ी निवासी राजीव ने अपने घर के बाहर कूड़ा डाल दिया था। इसका उनके पड़ोसी ने विरोध किया। इसको लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई है। आरोप है कि इसी बात को लेकर पड़ोसी ने राजीव की पिटाई कर दी। शोर सुनकर जमा हुए लोगों ने किसी तरह मामला शांत कराया।

# पुलियों के निर्माण में धांधली का आरोप, डीएम से शिकायत

संवाददाता, बिलसंडा



करेली माइनर पर गांव पसियापुर के समीप बन रही पुलिया। ● अमृत विचार

- निगोही ब्रांच नहर की जर्जर हो चुकी पुलियों का दोबारा किया जा रहा निर्माण

**अमृत विचारः** करेली माइनर पर नवीन पुलिया का निर्माण किया जा रहा है। इसमें मानकों की अनदेखी का आरोप लगने लगा है। ग्राम पंचायत राठ के प्रधान ने इसकी शिकायत डीएम से की है।

गांव रौतापुर के समीप से गुजर रही निगोही ब्रांच की नहर से करेली माइनर निकलती है, जो करीब 20 किलोमीटर क्षेत्र से होती हुई शाहजहांपुर क्षेत्र में जाती है। ब्रिटिश शासन काल में बनी इस माइनर पर दर्जनभर से अधिक पुलिया बनीं हैं ,जो जर्जर हो चुकी थीं। इसकी वजह से हर वक्त अनहोनी की आशंका बनी रहती थी। इस माइनर की सभी पुलियों का दोबारा निर्माण कराया जा रहा है। आरोप है कि पुलियों के निर्माण में ठेकेदार घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर रहा है। ग्राम पंचायत राठ के प्रधान सुधीर कुमार सिंह ने धांधली का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत डीएम से की है। उनका कहना है कि गांव पसियापुर के समीप माइनर पर जो पुलिया का निर्माण किया जा रहा है। उसमें ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री प्रयुक्त की जा रही है। इसी तरह ठेकेदार करेली माइनर पर बन रही करीब दर्जन भर से अधिक पुलियों के निर्माण में बड़े पैमाने पर धांधली हो रही है। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

### 27 को अग्रवाल समाज के मेधावी किए जाएंगे पुरस्कृत

**पीलीभीत, अमृत विचारः** अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि 27 अप्रैल को समिति का वार्षिकोत्सव शहर के अग्रवाल सभा भवन में मनाया लाएगा। जिसमें माता भवानी का देवी जागरण और बाल रंगारंग कार्यक्रम होंगे। देवी के नौ स्वरूपों की झांकी, बाल नृत्य और धार्मिक स्वरूपों की प्रतियोगिता कराई जाएगी। अग्रवाल मेधावी छात्र छात्राओं का अभिनंदन किया जाएगा। अधिकतम अंक प्राप्त करने वालों को महाराजा अग्रसेन मेधावी पदक से अलंकृत किया जाएगा।

# इकरा स्कूल की नेहा व काशिफा ने किया टॉप




परीक्षा परिणाम आने पर हर्ष जताती छात्राएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** शहर के इकरा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज का यूपी बोर्ड का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य अखलाक हसन खान ने बताया कि इंटरमीडिएट में नेहा ने 80.6 प्रतिशत और हाईस्कूल में काशिफा नूर ने 78.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

### मेधावियों ने बढ़ाया जिले का मानः राज्यमंत्री



संजय सिंह गंगवार।

**पीलीभीत, अमृत विचार :** राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के टॉपर्स को शुभकामनाएं दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। जिन्होंने अपनी मेहनत के बल पर न सिर्फ जनपद टॉप करके नाम रोशन किया है, बल्कि प्रदेश सूची में अपना स्थान बनाकर जनपद का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने टॉपर्स, इस सफलता के लिए परिजनों और गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि अभिभावक और गुरुजनों के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। ऐसे ही आगे जनपद का नाम युवा रोशन करते रहें।




**The Ano-Rectal Clinic**
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
Video Recto Scope
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919


शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# एक डॉट में बेसुध हो गया बाघ, टीम ने पिंजड़े में किया कैद

## डिप्टी डायरेक्टर की देखरेख में चलाया गया रेस्क्यू ऑपरेशन, महोफ रेंज से सटे मल्लपुर इलाके में रविवार सुबह देखा गया था बाघ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** पीटीआर में लंगड़ाकर घूमते बाघ को रविवार शाम महोफ रेंज से सटे मल्लपुर से रेस्क्यू कर कैद कर लिया गया। बाघ सुबह करीब आठ बजे घूमते देखा गया था। सूचना मिलने के बाद डिप्टी डायरेक्टर टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पूरे दिन निगरानी चलती रही। शाम करीब साढ़े पांच बजे बाघ को पहली डॉट में ट्रेंक्युलाइज कर दिया गया। बाघ को पिंजड़े में बंद करके सेफ हाउस ले जाया गया।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में करीब सप्ताह भर पूर्व लंगड़ाकर घूमते बाघ का वीडियो वायरल हुआ था। जिस पर पीटीआर प्रशासन चौकन्ना हो गया। जांच पड़ताल में महोफ रेंज में एक बाघ के चहलकदमी के दौरान आगे वाले दाएं पैर से लंगड़ाकर चलने की बात सामने आई थी। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बाघ की मॉनीटरिंग के लिए दो टीमें गठित की थीं, जो 24 घंटे बाघ की निगरानी करने में लगी थीं। उन्होंने बाघ को रेस्क्यू करने के लिए पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ से अनुमति भी मांग ली थी। उप प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चौहान एवं सहायक वन संरक्षक (प्रशिक्षु) दीपक पांडेय के नेतृत्व में दोनों टीमों ने निगरानी शुरू कर दी थी, लेकिन बाघ की लोकेशन नहीं मिल रही थी। इसके बाद संभावित क्षेत्र में 10 किमी के दायरे में 14 ट्रेप कैमरे लगाकर निगरानी शुरू की गई। बाघ की लोकेशन जानने के लगातार प्रयास किए जा रहे थे।

रविवार सुबह करीब छह बजे कलीनगर तहसील क्षेत्र में महोफ रेंज से सटे मल्लपुर में लंगड़ाते बाघ को देखा गया। इसकी सूचना वन कर्मियों को दी गई। इस पर वन कर्मियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर बाघ की निगरानी करनी शुरू कर दी। डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह टीम के साथ मौके पर जा पहुंचे। पीटीआर के पशु चिकित्सक डॉ. दक्ष गंगवार समेत रेस्क्यू टीम को भी मौके पर बुला लिया गया। इसके बाद टीम ने लंगड़ाते बाघ की पुष्टि की। टीम लगातार बाघ की निगरानी करती रही। डिप्टी डायरेक्टर के निर्देश पर शाम करीब साढ़े पांच बजे डॉ. दक्ष गंगवार ने पहली ही डॉट में बाघ को ट्रेंक्युलाइज कर दिया। रेस्क्यु टीम ने पिंजड़े में कैद कर लिया। बाघ को लेकर सेफ हाउस की ओर रवाना हो गई। टीम में महोफ रेंज के रेंज अधिकारी सहेंद्र कुमार यादव, डब्ल्यूटीआई की प्रांजलि भुजबल आदि शामिल रहे।


महोफ रेंज से सटे इलाके में चहलकदमी करता बाघ।


रेस्क्यू के बाद पिजड़े में कैद बाघ।


मौके पर रेस्क्यू टीम के साथ पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह। ● अमृत विचार

- **पिछले एक सप्ताह से लंगड़ाते हुए घूम रहा था बाघ, निगरानी में लगी थीं वन विभाग की दो टीमें**

### नौ साल का है नर बाघ

रेस्क्यू किया गया बाघ करीब नौ साल का है। वह नर बाघ है। आगे का दायां पैर जख्मी हालत में हैं। बताते हैं कि जख्म सड़ने लगा है। इसी की वजह से वह ठीक से चल नहीं पा रहा था और लंगड़ा रहा था।

### तीन माह पहले भी लंगड़ाते हुए देखा गया था बाघ

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में करीब तीन माह पूर्व लंगड़ाते बाघ का वीडियो वायरल हुआ था। उस दौरान मामला संज्ञान में आने पर तत्कालीन डिप्टी डायरेक्टर नवीन खंडेलवाल ने बाघ की निगरानी के लिए चार सदस्यीय टीम का गठन किया था। टीम में उप प्रभागीय वनाधिकारी दिलीप तिवारी, महोफ रेंजर सहेंद्र कुमार यादव, पशु चिकित्सक डॉ. दक्ष गंगवार और बायोलॉजिस्ट लवप्रीत सिंह को शामिल किया गया था। गठित टीम द्वारा बाघ ही प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर रखी गई। चार ट्रैंप कैमरे भी लगाए गए थे। हालांकि उस दौरान वन अफसरों ने बाघ को फिट करार देते हुए मामले की रिपोर्ट शासन को भेजी थी, लेकिन उसके बाद मामले को कोई तबज्जो नहीं दी गई।

> महोफ रेंज में लंगड़ाते बाघ को देखे जाने के बाद टीमें गठित कर 24 घंटे मॉनीटरिंग की जा रही थी। रविवार सुबह बाघ के महोफ रेंज से सटे इलाके में होने की जानकारी मिली थी। जिसके बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर सफलतापूर्वक बाघ को रेस्क्यू कर लिया। सोमवार सुबह विशेषज्ञों की टीम द्वारा बाघ का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा।
> – **मनीष सिंह**, डिप्टी डायेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

## बरखेड़ा में सांड़ से टकराई बाइक तीन लोग घायल

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** सांड़ से टकराकर बाइक सवार घायल हो गए। इसके बाद ईको भी सांड़ से टकरा गई। जनपद बरेली के बहेड़ी थाना क्षेत्र के घौटगांव निवासी वीरू (30) पुत्र मंगल सिंह, गांव भूरा बहादुरपुर निवासी राकेश (40) पुत्र किशोर और थाना जहानाबाद क्षेत्र के गांव निजामडांडी निवासी हरीश कुमार (34) पुत्र बुद्धसेन शनिवार शाम शादी समारोह में शामिल होने के लिए एक बाइक पर बीसलपुर जा रहे थे। गांव मचवाखेड़ा में वृद्धाश्रम के पास पहुंचते ही बाइक सांड़ से टकरा गई। जिसमें बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गए। कुछ ही मिनट बाद पीलीभीत की तरफ से आ रही ईको भी सांड़ से टकरा गई। इसके बाद एक अन्य बाइक भी सांड से टकराई। हालांकि कार व दूसरी बाइक पर सवार लोगों को ज्यादा चोट नहीं आई। हादसे की सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान, चौकी जिरोनिया इंचार्ज रविंद्र सिंह बालियान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को सीएचसी भिजवाया। उधर, हादसे में सांड़ भी घायल हो गया था। उसका पशु चिकित्सालय से टीम बुलाकर इलाज कराया गया।

## ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर पट्टी निवासी नाजिम अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भतीजा छह वर्षीय मोहसिन अली 18 अप्रैल की दोपहर तीन बजे मकान के बाहर खड़ा था। इस बीच ट्रैक्टर चालक तेजी से वाहन दौड़ाते हुए आया और भतीजे को टक्कर मार दी। जिसमें मोहसिन की मौत हो गई। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि ग्रामीण की ओर से ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# कपिल और तौफीक हत्याकांड में एक सप्ताह बाद भी पुलिस खाली हाथ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **कोतवाली व गजरौला क्षेत्र में हुई थीं घटनाएं, संदिग्धों से पूछताछ में नहीं मिला कोई सुराग**

**अमृत विचार:** खेत की रखवाली करने गए किसान तौफीक की हत्या के मामले में अभी तक पुलिस खाली हाथ है। वहीं, 16 वर्षीय कपिल की हत्या का मामला अभी सुलझ नहीं सका है। एक सप्ताह से अधिक बीतने के बाद दोनों ही थानों की पुलिस अपने क्षेत्र में हुई हत्या की घटनाओं का खुलासा करना तो दूर साक्ष्य जुटाने में भी सफल नहीं हो सकी।

शहर के मोहल्ला डालचंद निवासी तौफीक (45) पुत्र अब्दुल रशीद देवहा नदी पार मोहल्ला खकरा के पीछे की तरफ अपने खेत की रखवाली करने के लिए 10 अप्रैल की रात गए थे। देर रात उनका शव खेत पर लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। धारदार हथियार से वार करके हत्या कर दी गई थी। मृतक के भाई मोहम्मद अनीस अख्तर की ओर से अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस इस बात का पता नहीं लग सकी कि आखिफ तौफीक की हत्या क्यों की गई। पुलिस ने कुछ लोगों से संदेह के आधार पर पूछताछ की।

दूसरी घटना गजरौला क्षेत्र में हुई। 12 अप्रैल की रात ग्राम बिठौराकलां निवासी श्रवण कुमार उर्फ नन्हेलाल ने का सोलह वर्षीय पुत्र कपिल गांव में ही बरात देखने के लिए गया था। उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। 14 अप्रैल की सुबह उसका शव गांव के बाहर खेत में पड़ा मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पूरे शरीर पर चोट के निशान मिले थे। पुरानी रंजिश का हवाला देते हुए पिता ने गांव के मदन उर्फ कल्लू, चंद्रसेन और देवदत्त के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इन दोनों हत्या की घटनाओं में पुलिस खाली हाथ है। संदिग्धों से पूछताछ के बाद क्लू नहीं मिल सका तो उन्हें छोड़ना पड़ा। कपिल हत्याकांड में दो नामजद अभियुक्तों से पुलिस पूछताछ कर चुकी है। मुख्य अभियुक्त माना जा रहा कल्लू पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका है। एसओजी और सर्विलांस टीम की मदद ली जा रही है, लेकिन उन्हें भी कोई ठोस सुराग हत्याकांड से जुड़ा नहीं मिल सका है। आलम ये है कि इन दोनों हत्या की घटनाओं को लेकर दस दिन बाद भी पुलिस के पास एक ही जवाब है। कोतवाल नरेश त्यागी और एसओ गजरौला रूपा बिष्ट दोनों ही अपने-अपने क्षेत्र में हुई घटना को लेकर जांच जारी होने की बात कह रहे हैं। वजह का भी अभी तक पता नहीं लगाया जा सका है।

# हादसा: टेंपो में सवार थीं एक दर्जन से अधिक सवारियां

संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** बीसलपुर-पीलीभीत रोड पर बुधवार शाम तेज गति से दौड़ते कंटेनर ने एक टेंपो और बाइक को रौंद दिया। टेंपो सवार बीसलपुर के मोहल्ला दुर्गाप्रसाद की निवासी चंद्रकली (78) पत्नी संतराम, उनकी जेठानी उमेदी (75) पत्नी रोशनलाल और बाइक पर सवार बरेली जनपद के क्योलड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम अटंगा चांदपुर निवासी फूलबानो (40) पत्नी जान मोहम्मद की मौत हो गई। खास बात यह है कि टेंपो में एक दर्जन से अधिक सवारियां भरी थीं। इसी वजह से कंटेनर की टक्कर लगने पर चालक टेंपो को नियंत्रित नहीं कर पाया।

ट्रैफिक नियमों का पालन कराने के लिए तमाम अभियान चलाए जाते हैं। मगर अभियान बंद होने पर सिस्टम लापरवाह हो जाता है।

यही कारण है कि हादसे पर हादसे होने के बावजूद वाहनों में ओवरलोडिंग बंद नहीं हो रही है। रविवार शाम कंटेनर ने जिस टेंपो को टक्कर मारी उसमें एक दर्जन से अधिक लोग सवार थे। बावजूद इसके उसे रास्ते में कहीं नहीं रोका गया।


सीएचसी बरखेड़ा में घायलों के बारे में जानकारी लेते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार


हादसे के बाद खाई में खड़ा टेंपो।


इसी कंटेनर ने मारी टेंपो-बाइक में टक्कर।

- **सिस्टम की लापरवाही से कम नहीं हो रही वाहनों में ओवर लोडिंग**
- **कंटेनर की टक्कर से तीन महिलाओं की मौत का मामला**

> हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है। घायलों का इलाज कराया जा रहा है। वाहन चालक भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। मामले में कार्रवाई कराई जा रही है।
> – **अविनाश पांडेय**, एसपी

### घायलों में ये लोग रहे शामिल

आए दिन हादसे होने के बावजूद ओवरलोडिंग पर लगाम नहीं लग पा रही है। जिस टेंपो में कंटेनर ने टक्कर मारी उसमें एक दर्जन से अधिक लोग सवार थे। हादसे में हुए घायलों में पतरासा कुंवरपुर गांव निवासी रोहित (17), कनिष्ठा (3), अनूप (16), बीसलपुर के मोहल्ला दुर्गाप्रसाद निवासी गंगादीन (46), दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के गांव सुजनी निवासी शांति देवी (25), गांव टिकरी निवासी लेखराज (35), ग्राम पुन्नापुर निवासी ज्ञानप्रकाश (22), गांव टिकरी निवासी विशाल (21), विपिन (18), विकास (18), गांव सुजनी निवासी रामसनेही (30), अविनाश (5) और बाइक सवार गांव अटंगा चांदपुर निवासी दीन मोहम्मद हैं। विकास और रामसनेही को छोड़कर सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### हादसे के बाद थाने खुद पहुंचा कंटेनर चालक

हादसे के बाद घायलों को पुलिस अस्पताल भिजवा रही थी। इसी बीच कंटेनर चालक खुद बरखेड़ा थाने पहुंच गया और खुद को पुलिस के हवाले कर दिया। उधर, कुछ ग्रामीणों का कहना था कि तीनों वाहन एक ही दिशा से चल रहे थे। तभी अचानक सड़क पर जानवर आ गए, जिससे टेंपो चालक को ब्रेक लगाने पड़े। तभी पीछे से आए कंटेनर ने टक्कर मार दी। हादसे को लेकर पुलिस जांच कर रही है।

### बरात से लौट रहे थे बाइक सवार दंपती

हादसे में बाइक सवार बरेली के क्योलड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम अटंगा चांदपुर निवासी फूलबानों की मौत हुई, जबकि उनके पति दीन मोहम्मद घायल हुए हैं। बताते हैं कि दीन मोहम्मद अपनी ससुराल बीसलपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम गंझाड़ा शादी समारोह में आए थे। जहां दावत खाने के बाद पति-पत्नी घर लौट रहे थे। उधर, हादसे में जान गंवाने वाली चंद्रकली और उमेदी देवरानी-जेठानी थीं। वे बीसलपुर से बरखेड़ा की तरफ टेंपो में जा रही थ।

# गमगीन माहौल में निपटाई शादी की रस्में

संवाददाता, बीसलपुर (पीलीभीत)

- **पलक झपकते मातम में बदल गईं शादी की खुशियां डीजे की आवाज से दीवार ढहने का अंदेशा**
- **दीवार ढहने से दुल्हन के फुफेरे चाचा समेत दो लोगों की मौत का मामला**

**अमृत विचार:** भसूड़ा गांव में शादी समारोह के दौरान कच्ची दीवार ढहने से मलबे में दबकर दुल्हन के फुफेरे चाचा समेत दो लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। मृतकों में भसूड़ा गांव के महावीर (18) पुत्र रोशनलाल और बरेली के भुता थाना क्षेत्र के ग्राम लईया निवासी चंद्रवीर (33) पुत्र रूपलाल शामिल हैं। हादसे के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। खामोशी के साथ शादी की सारी रस्म पूरी की गईं। रविवार सुबह तीन बजे के बाद ही दुल्हन को विदा करा दिया गया। इधर, विदा हुई और कुछ देर बाद ही एक-एक कर दो घायलों ने दम तोड़ दिया। गांव के ही युवक और दुल्हन के चाचा की मौत की खबर पहुंची तो खुशनुमा माहौल मातम में तब्दील हो गया।

**प्राथमिक उपचार कराने के बाद घर लौटे दुल्हन के पिता:** हादसे में दुल्हन के पिता छेदालाल भी घायल हुए थे। वह प्राथमिक उपचार कराने के बाद करीब में 12 बजे घर लौट गए। इसके बाद बेटी के विवाह की सारी रश्में पूरी कराईं। रविवार सुबह को बेटी को विदा किया।


मौके पर पहुंचकर हादसे की जानकारी लेते बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा। ● अमृत विचार


भसूड़ा गांव में मौका मुआयना करते इंस्पेक्टर अशोक पाल। ● अमृत विचार


घायल का चेकअप रकते सीएमओ।

### सीएमओ ने जिला अस्पताल पहुंचकर किया घायलों का इलाज

भूसड़ा गांव में हुए हादसे के बाद घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। इसका पता लगने पर डीएम ने स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट कर दिया था। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने जिला अस्पताल जाकर खुद घायलों को देखा। एसडीएम महिपाल सिंह भी जिला अस्पताल जा पहुंचे और व्यवस्थाएं देखीं।

### विधायक, ब्लॉक प्रमुख ने किया मौका मुआयना

बरात पहुंचने से पहले हुए हादसे की गूंज शासन तक पहुंच गई थी। एसडीएम महिपाल सिंह, सीओ बीसलपुर विशाल चौधरी, कोतवाल अशोक पाल मौके पर जा पहुंचे। एसडीएम ने राजस्व टीम को भी लगा दिया। उधर, बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा, ब्लॉक प्रमुख अशोक शर्मा ने गांव जाकर मौका मुआयना किया। क्रांतिकारी विचार मंच के प्रांतीय संरक्षक एवं किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों के बारे में जानकारी की। मृतकों और घायलों के परिवार की आर्थिक कमजोर स्थिति होने पर मुआवजे की मांग की है।

## शादी से पहले युवती को बहला फुसलाकर ले गया शादीशुदा युवक

**बीसलपुर।** शादी के कुछ दिन पहले युवती को गांव का ही रहने वाला युवक बहला फुसलाकर ले गया। पुलिस ने मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली दियोरियाकलां में दी गई तहरीर में क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी पुत्री की शादी बीसलपुर क्षेत्र के युवक से तय हुई है। इसी माह पुत्री की शादी होनी है। बीस अप्रैल की सुबह गांव का ही पहले से विवाहित युवक बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। ये भी बताया कि दो सितंबर 2023 को आरोपी ने पुत्री से दुष्कर्म किया था, जिसकी एफआईआर भी दर्ज है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी हरिओम व उसकी पत्नी संगीता देवी, रामचंद्र, इंद्रजीत व संजीव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत


असम हाईवे पर दो बाइकों की भिड़ंत होने के बाद मौके पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार:** माधोटांडा इलाके में वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुर निवासी संजीव (40) रविवार को बाइक पर अपने घर लौट रहे थे। माधोटांडा-पीलीभीत रोड पर गांव के नजदीक उनकी बाइक में किसी वाहन ने टक्कर मार दी। सीएचसी ले जाने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## दो बाइकों की भिड़ंत में बैंककर्मी घायल

**बिठौराकलां, अमृत विचार:** वाहनों की तेज रफ्तार आए दिन हो रहे हादसों का कारण बन रही है। रविवार को माधेधोटांडा इलाके में असम हाईवे पर तेज रफ्तार की वजह से बिठौराकलां चौराहा के पास रविवार शाम दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। हादसे में पूरनपुर के मोहल्ला गनेशगंज निवासी बाइक सवार मयंक शुक्ला पुत्र रतन जीत शुक्ला घायल हो गए। वह अमरिया में एक्सिस बैंक में काम करते हैं। काम निपटाकर ही वापस जा रहे थे। ग्रामीणों की सूचना पर टोल प्लाजा एंबुलेंस मौके पर पहुंची। फिर घायल को जिला अस्पताल भिजवाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है।

# जड़ों की नाप करने के बाद कार्रवाई भूला वन विभाग

संवाददाता, पूरनपुर

- **प्लाट से शीशम की लकड़ी बरामद होने का मामला**

**अमृत विचार:** प्लॉट से लकड़ी बरामद करने के मामले में वन विभाग चुप्पी साधकर बैठा है। जड़ों की नाप करने के बाद वन विभाग ने इस मामले में आगे कार्रवाई करने की जहमत नहीं उठाई गई है। अचानक मामला ठंडे बस्ते में जाने से साठगांठ कर प्रकरण को दबाने का शोर मचा है।

13 मार्च को वन विभाग ने शेरपुरकलां रोड पर एक प्लाट से शीशम की लकड़ी बरामद की थी। आशंका जताई गई थी कि लकड़ी के 46 बोटे अवैध रूप से काटकर लाए गए थे। ठेकेदार असलम के खिलाफ केस भी दर्ज किया गया। ठेकेदार ने दूसरे दिन लकड़ी एक किसान के खेत से काटने का दावा किया था। डिप्टी रेंजर कपिल कुमार ने टीम के साथ सिंहपुर के एक खेत पर पहुंचकर जांच पड़ताल भी की। जांच के दौरान खेत से शीशम की जड़ें मिली थीं। जड़ों की लंबाई और चौड़ाई नापने के बाद वन विभाग को लकड़ी से नाप का मिलान करना था। कई दिन बीतने के बाद भी वन विभाग ने लकड़ी का मिलान नहीं किया। बताते हैं कि मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया है। जबकि प्लाट से बरामद होने वाली लकड़ी वन विभाग के कब्जे में है। डिप्टी रेंजर कपिल कुमार ने बताया कि रेंजर के आने के बाद ही इस मामले में अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## पुराने विवाद में युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**माधोटांडा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के कलीनगर कस्बा निवासी नाजिम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शनिवार को घर पर थे। पुराने विवाद के चलते पूरनपुर का एक युवक अपने दो साथियों संग उनके घर में घुस आया और मारपीट की। धारदार हथियार से वार कर लहूलुहान कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए। इस पर आरोपी धमकी देकर भाग गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

# सड़क दुर्घटनाओं में छह वर्षीय बच्चे समेत दो की मौत, दो घायल

## सेहरामऊ दक्षिणी में हरदोई रोड पर तेज रफ्तार अनियंत्रित टेंपो पलटा, अटसलिया के सामने में पलटा ई-रिक्शा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जिले में सड़क दुर्घटनाओं में छह वर्षीय बच्चे समेत दो लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र में हरदोई रोड पर जलालपुर गांव के सामने तीव्रगति से आ रहा टेंपो अचानक पलट गया छह साल का बच्चा उसके नीचे दब गया। घायल बच्चे को मेडिकल कालेज भेजा गया। जहां डाक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इधर रोजा थाना क्षेत्र में अटसलिया गांव के सामने अचानक ई-रिक्शा डिवाइडर से टकराकर पलट गया और एक युवक की मौत हो गई तथा दो लोग घायल हो गए।

**सेहरामऊ दक्षिणी।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला मामूड़ी निवासी श्रीराम की ससुराल हरदोई जिले के शाहाबाद थाना के गांव दौलतियापुर में है। उसकी ससुराल में शादी कार्यक्रम था। उसकी पत्नी लक्ष्मी अपने छह साल के बेटे प्रिंस व रुपेंद्र तथा बेटी काजल को लेकर मायके गयी हुई थी। शादी हो जाने के बाद वह बच्चों को लेकर रविवार की दोपहर 12 बजे टेंपो से शाहाबाद से शाहजहांपुर आ रही थी। हरदोई रोड पर जलालपुर गांव के सामने अचानक टेंपो सड़क के किनारे पलट गया। टेंपो में सवार छह वर्षीय प्रिंस दबकर घायल हो गया। उसे मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डाक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य लोगों के मामूली चोटें आई थीं। चालक के भी मामूली सी चोट आई हैं। सूचना पर थानाध्यक्ष रोहित सिंह मौके पर पहुंचे और बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बच्चे की मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।



घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़ और घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए पहुंची एंबुलेंस। ● अमृत विचार



मृतक प्रिंस।

**रोजा।** थाना क्षेत्र के गांव हथौड़ा निवासी 24 वर्षीय सत्येंद्र कुमार बरात में खाना बनाने का काम करता था। वह गांव के दो कारीगरों सियाराम तथा गौरव को साथ में लेकर रोजा थाना क्षेत्र के गांव नौगवां में शनिवार को बरात में खाना बनाने के लिए ले गया था। बरात में खाना बनाने के बाद तीनों कारीगर रात एक बजे ई-रिक्शा से हथौड़ा गांव लौट रहे थे। सीतापुर रोड पर अटसलिया गांव के सामने बाइक सवार को बचाने के चक्कर में ई-रिक्शा डिवाइडर से टकराकर पलट गया। ई-रिक्शा पर सवार सत्येन्द्र, सियाराम तथा गौरव घायल हो गए। रोजा पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को मेडिकल कालेज भेज दिया। इधर सूचना मिलने पर घायलों के परिवार वाले मेडिकल कालेज पहुंच गए।

इलाज के दौरान सत्येन्द्र की मौत हो गयी। उसकी शादी नहीं हुई थी और तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।



घटना स्थल पर पलटा पड़ा ट्रैक्टर-ट्रॉली। ● अमृत विचार

### टक्कर से ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, चार घायल

**जलालाबाद।** क्षेत्र के मदनापुर पर रोड पर स्थित अतिबरा के हनुमान मंदिर के निकट गंगा एक्सप्रेस वे में काम करने वाले ट्रैक्टर कंप्रेसर ने फर्रुखाबाद से मदनापुर लौट रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। जिसमें सवार मदनापुर के भगत सिंह, राजपाल, ट्रैक्टर ड्राइवर नरेश व सोनपाल घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा।

### सड़क हादसे में घायल वृद्धा ने तोड़ा दम

**खुटार।** लखीमपुर खीरी के कस्बा मैलानी के गांव लालापुर निवासी जाकिर अली अपनी मां नन्ही बेगम (65), पत्नी सवाना बेगम के साथ बाइक से खुटार के गांव भरकलीगंज बीमार दादी को देखकर शनिवार शाम पांच बजे घर लौट रहे थे। जबकि दूसरी बाइक पर सवार खीरी के बांकेगंज निवासी शाहनूर अली अपनी बहन समा परवीन और खुटार के गांव मोहनपुर निवासी अपनी रिश्तेदार महवीस के साथ पूरनपुर से घर वापस लौट रहे थे। लौहगांपुर जंगल में तेज रफ्तार कार ने दोनों बाइकों में टक्कर मार दी थी। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया था। डॉक्टर ने चार घायलों को जिला मेडिकल कालेज रेफर कर दिया था। शनिवार देर रात को इलाज के दौरान नन्ही बेगम की मौत हो गई। सूचना घर पहुंची तो कोहराम मच गया। जबकि अन्य घायलों की हालत में सुधार बताया जा रहा है।

## फौजी को धारदार हथियार से किया घायल, रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** खेत में गेहूं की फसल कटवा रहे फौजी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। कन्नौज के गांव पलिया निवासी बृजेन्द्र सिंह ने बताया कि वह सेना में लगभग 21 वर्षों से सेवारत हैं और राजस्थान बीकानेर में तैनात है। उसका भाई देवेंद्र सिंह भी भारतीय सेना में 17 वर्ष से सेवारत है। उसके भाई की पोस्टिंग राजस्थान के जैसलमैर में है। उसकी तथा उसके भाई की जमीन जलालाबाद के गांव करैली में है।

16 अप्रैल को सुबह दस बजे वह और उसका भाई देवेंद्र सिंह गेहूं की फसल कटवा रहा था। मिर्जापुर थाना के गांव औरंगाबाद के राकेश, पंकज आदि पहले से खड़े थे। आरोपियों ने उसके भाई देवेंद्र पर अचानक हमला कर दिया और जान से मारने की नीयत से कुल्हाड़ी से प्रहार कर दिया। कुल्हाड़ी उसके भाई के गर्दन पर लगी जिससे वह घायल हो गया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने राकेश सिंह, पंकज सिंह तथा दुर्गेश सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## यात्री शेड में खून से लथपथ मिला युवक

**खुटार, अमृत विचार:** रविवार शाम करीब छह बजे कुछ लोग नगर के तिकुनियां चौराहे पर स्थित यात्री टिन शेड के पास पहुंचे तो उनकी नजर बेंच के पास खून से लथपथ पड़े एक युवक पर पड़ी। युवक के सिर में काफी गहरी चोट लगी हुई थी और उसके आसपास काफी खून फैला पड़ा था। साथ ही सिर से भी काफी खून बह रहा था। करीब 40 वर्षीय युवक को खून से लथपथ पड़ा होने की सूचना राहगीरों ने थानाध्यक्ष संजय कुमार को दी। उन्हेंने दरोगा प्रमोद कुमार के साथ मौके पर पहुंच कर युवक को ई-रिक्शा पर लदवाकर सीएचसी भिजवाया। जहां डॉक्टर ने उसे गंभीर हालत में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## खंभे से टकराकर सूखी नहर में गिरी कार, युवक की मौत

संवाददाता, कांट/शाहजहांपुर

● कुर्रिया कला रोड पर हुआ हादसा

**अमृत विचार:** कुर्रिया कला रोड पर कार एक बिजली के खंभे से टकराकर नहर में जाकर गिर गयी, जिससे कार में सवार दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को सीएचसी पर लाया गया। डाक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया।कांट थाना क्षेत्र के गांव सरथौली निवासी 21 वर्षीय अमन तथा निर्देश रविवार की दोपहर 12 बजे कार से अनंगपुर गांव किसी कार्य से जा रहे थे। कार निर्देश चला रहा था और अमन पड़ोस में बैठा हुआ था। साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में कार सड़क के किनारे खंभे से टकराते हुए सूखी नहर में जाकर गिर गयी। जिससे अमन व निर्देश घायल हो गए। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक दया शंकर मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को सीएचसी पर भेज दिया। डाक्टर ने अमन को मृत घोषित कर दिया। इधर दोनों के परिवार वाले सीएचसी पर पहुंच गए। डाक्टर ने घायल निर्देश को रेफर कर दिया। परिवार वालों ने घायल को बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने अमन के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

## फर्जी बसपा प्रत्याशी सत्यवीर और सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य पर रिपोर्ट

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** आंवला लोकसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का उम्मीदवार बता कर फर्जी नामांकन करने वाले प्रत्याशी सत्यवीर सिंह और सपा उम्मीदवार नीरज मौर्य के खिलाफ कोतवाली में धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई। आंवला लोकसभा से बसपा के प्रत्याशी आबिद अली ने आरोप लगाया कि बसपा ने उन्हें अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर फॉर्म ए और बी जारी किया था। जबकि शाहजहांपुर के जलालाबाद के मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी सत्यवीर सिंह ने खुद को बसपा का प्रत्याशी बताकर नामांकन कराया। जब छानबीन की गई तो पता लगा कि सत्यवीर सिंह ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर फॉर्म ए और बी को सिंबल अथॉरिटी के रूप में अपने नामांकन पत्र के साथ लगाया है।

उन्होंने बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के फर्जी हस्ताक्षर भी किए। इसकी शिकायत मायावती से की गई थी। इसके बाद मायावती ने सिंबल को लेकर जिलाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह और निर्वाचन अधिकारियों से बात की। इसके बाद उनका नामांकन सही पाया गया था। उन्होंने इस मामले की लिखित शिकायत रिटर्निंग ऑफिसर से की थी।

इसके अलावा पता लगा कि जिस गाड़ी संख्या यूपी 27 एआर 8742 से सत्यवीर नामांकन करने आया था, उसके मालिक नरेंद्र ठेकेदार हैं। गाड़ी को अशोक मौर्य चला रहा था। सत्यवीर के नामांकन के संबंधित फर्जी दस्तावेजों की फाइल श्यामलाल ने तैयार कराई थी। ड्राइवर अशोक मौर्य से इस संबंध में पुलिस ने पूछताछ की तो उसने बताया कि नरेंद्र कुमार सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य के करीबी हैं। उन्होंने ही उन्हें श्यामलाल को लेने के लिए भेजा गया था। सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य, सत्यवीर के साथ फर्जी दस्तावेज को तैयार करने, जालसाजी, धोखाधड़ी और षड्यंत्र में शामिल थे। इंडिया गठबंधन प्रत्याशी नीरज मौर्य ने बताया कि प्रशासन को मामला दर्ज करने से पहले जांच करनी चाहिए थी।

## आईएमए ने साइकिल रैली निकालकर दिया संदेश

● हरे पेड़ों के कटान पर जताई चिंता, सरकार के समक्ष प्रस्ताव रखने की बनाई योजना

**बरेली, अमृत विचार :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने हरियाली बचाने को रविवार को जागरूकता अभियान चलाया। इस मौके पर बरेली, नवाबगंज और पीलीभीत इकाई के पदाधिकारी और सदस्यों ने सुबह पांच बजे पीलीभीत बाईपास से नवाबगंज तक साइकिल रैली निकाली। इस दौरान रोड किनारे से हो रहे हरे पेड़ों के कटान पर चिंता व्यक्त की। सभी सदस्यों ने सरकार के समक्ष हरियाली बचाने को लेकर प्रस्ताव रखने की योजना बनाई है।

आईएमए बरेली के अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल ने कहा कि पेड़ पौधों से हमें ऑक्सीजन मिलती है। कई बीमारियां ऑक्सीजन की कमी और धूल की वजह से होती हैं। इसकी रोकथाम के लिए हरियाली को बचाना जरूरी है। इस मुहिम की शुरुआत डॉ. वीवी सिंह ने की। हरी झंडी वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने दिखाई। आईएमए पीलीभीत की अध्यक्ष डॉ. रश्मि, आईएमए नवाबगंज के अध्यक्ष डॉ. गोपाल सरन ने अभियान की सराहना की। वहीं, विधायक डॉ. एमपी आर्य ने रैली में शामिल सभी लोगों को प्रोत्साहित किया और आईएमए की पहल का स्वागत करते हुए सदन में इस महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाने की बात कही। रैली में डॉ. धर्मेंद्र नाथ, डॉ पंकज , डॉ सुमित , डॉ कार्तिकेय , डालिमा अग्रवाल, डॉ मधु गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

## चुनाव में खपाने के लिए लाई गई शराब पकड़ी

**बरेली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दौरान शराब की मांग बढ़ गई है। कैंट पुलिस ने 35 पौव्वे के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। वह चुनाव में शराब खपाने के लिए लाया था।

कैंट थाना के दरोगा नरेंद्र कुमार ने शनिवार को कांधरपुर के पास सद्भावना कॉलोनी के पास एक तस्कर को पकड़ा। उसके पास से देसी शराब के 35 पौव्वे बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पीलीभीत के सुनगढ़ी के मोहल्ला थान सिंह निवासी नरेश कुमार के रूप में हुई।

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह कैंट थाना क्षेत्र में शराब की तस्करी करता है। चुनाव में शराब की मांग बढ़ गई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर उसके अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

## कुल शरीफ के साथ दादा मियां उर्स का समापन



दादा मियां की मजार पर पहुंचे जायरीन। ● अमृत विचार

**पूरनपुर, अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के गांव उदयपुर खुर्द में स्थित दादा मियां की मजार पर रविवार को उर्स मनाया गया। बड़ी संख्या में जायरीन पहुंचे। मन्नत पूरी होने पर लोगों ने लंगर कराया। चादर चढ़ाकर मनौती मांगी गईं। उर्स में लोधीपुर, पूरनपुर ,शेरपुर कला, टंडोला आदि गांव के लोग पहुंचे। कुल शरीफ की फातिहा के बाद उर्स का समापन कर दिया गया। इस मौके पर गुड्डू मियां, पप्पू, हासिम खान, रिजवान, शोएब खान, मीनू बरकाती आदि जायरीन मौजूद रहे।

**यादगार** वर्ष 1967 में बरेली लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरे थे, सतीश चंद्र की बढ़ाई थी मुश्किल

# रहमानी मियां ने रखी आला हजरत खानदान में राजनीति की नींव

मोनिस खान, बरेली

● मुस्लिम वोटों पर हमेशा रहा है आला हजरत खानदान का प्रभाव

**अमृत विचार:** सुन्नियत और बरेलवी मुसलमानों का मरकज कही जाने वाली दरगाह आलाहजरत को यूं तो हमेशा उसके फतवों और मदरसों के लिए पूरी दुनिया में जाना गया।

आला हजरत इमाम अहमद रजा खां द्वारा लिखी गई मजहबी किताबों और फतवों के जरिए पूरी दुनिया में बरेलवी मसलक का प्रचार प्रसार हुआ, लेकिन समय-समय खानदान की कोई न कोई शख्सियत राजनीति से जुड़ी रही। यही वजह है कि मुस्लिम वोटों में दरगाह आला हजरत और इस खानदान से जुड़े लोगों के रुख का प्रभाव हमेशा से रहा। आला हजरत खानदान से सीधे तौर पर चुनाव में उतरकर रहमानी मियां ने पहली बार सियासत की नींव रखी थी।

बात वर्ष 1967 की है, आम चुनाव में बरेली सीट पर कांग्रेस के लिए काफी अहम था, क्योंकि (1962) के चुनाव में मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के कारण केंद्र सरकार में रक्षा राज्य मंत्री रहे सतीश चंद्र जीत की हैट्रिक नहीं लगा पाए और बीआर सिंह (आछू बाबू) के रूप में भारतीय जनसंघ का दीपक पहली बार जल उठा। अपनी इस हार को जीत के में बदलने के लिए दोबारा चुनाव मैदान में उतरे सतीश चंद्र के आगे रहमानी मियां यानी रेहान रजा खान दीवार बनकर खड़े हो गए।

मुसलमानों के अधिकारों और उनके मूलभूत मुद्दों की बात करने वाले रहमानी मियां ने निर्दलीय चुनाव लड़ा। इस चुनाव में रहमानी मियां को 69399 वोट मिले। उन्होंने करीब 25 प्रतिशत मत प्राप्त किए। वहीं, सतीश चंद्र को 72050 यानी करीब 26.76 प्रतिशत वोट मिले थे।

नतीजा यह हुआ कि भारतीय जनसंघ के बीबी लाल 112698 यानी करीब 41.85 प्रतिशत वोट पाकर विजयी हुए। इसके बाद रहमानी मियां कांग्रेस से विधान परिषद के नामित सदस्य भी रहे और सक्रिय राजनीति करते रहे। उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पूर्व मुख्यमंत्री एनडी तिवारी के बेहद करीबियों में भी गिना जाता था।

आईएमसी की बागडोर संभालने से पहले उनके बेटे मौलाना तौकीर रजा खां ने भी बदायूं की बिनावर और बरेली की कैंट विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा, लेकिन जीत हासिल नहीं हुई। आईएमसी मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी बताते हैं कि अपने पिता रहमानी मियां द्वारा बनाई गई इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) की बागडोर वर्ष 2000 में तौकीर मियां ने अपने हाथ में ली थी।

### आबिदा बेगम के खिलाफ लड़े थे मन्नानी मियां

आला हजरत खानदान से सीधे तौर पर चुनावी मैदान में रहमानी मियां के बाद कोई आया तो वह मन्नानी मियां ( मन्नान रजा खां) रहे। वर्ष 1989 में वह बरेली लोकसभा सीट से तत्कालीन कांग्रेस सांसद और पूर्व राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद की पत्नी बेगम आबिदा अहमद के खिलाफ चुनावी मैदान में कूद पड़े। इस चुनाव में पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार जीत गए और आबिदा बेगम की हार हुई। हालांकि मन्नानी मियां बहुत अधिक वोट हासिल नहीं कर पाए। उन्हें 22876 वोट मिले। वह 5 .47 प्रतिशत मत पाकर चौथे स्थान पर रहे।

### दरगाह से जुड़े लोगों को दिए जाते रहे हैं मंत्री पद

राजनीतिक पार्टियों को खानदान के किसी न किसी सदस्य को समय-समय पर समर्थन दिया जाता रहा। सरकारें बनने के बाद पार्टियों की तरफ से खानदान के सदस्यों को अलग-अलग समय पर पदों से नवाजा गया। सपा सरकार में आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां, दरगाह से जुड़े और दरगाह प्रमुख सुब्हानी मियां के करीबी रहे आबिद रजा खां को दर्जा राज्यमंत्री बनाया गया। बसपा सरकार में सज्जादानशीन अहसन मियां को दर्जा राज्यमंत्री बनाया गया।


चर्म रोग एवं गुर्दे की पथरी के लिए
निःशुल्क परामर्श चिकित्सा शिविर
दि. 22.04.24 (सोमवार) से दि. 02.05.24 तक
दवाईयों में भी 30% तक की छूट दी जायेगी।
क्या आपको पथरी है? बिना ऑपरेशन सम्भव है
पथरी का इलाज
डॉ. ब्रजेश कुमार
बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर
पता : 116 बी-1, मॉडल टाउन (निकट संजय नगर पेट्रोल पंप), बरेली।
9058575790
8077383286
• पथरी,
• चर्म रोग,
• बवासीर,
• बालों का झड़ना,
• सर्वाइकल,
• गुप्त रोग,
• लकवा,
• मानसिक रोग (डिप्रेशन)
होम्योपैथी से बिना ऑपरेशन पथरी निकली
प्रहलाद सक्सेना, बरेली 9 mm
अरशद, सैंथल 6 mm & 4 mm
राम, बीसलपुर 12 mm
मिलने का समय
प्रातः 11:00 से 4:00 बजे तक
सायं 06:00 से 8:30 बजे तक
रविवार
दोपहर 12 से 2 बजे तक



MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE
डॉ. अरशद अली
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान
एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी.
कन्सलटैन्ट पैथोलॉजिस्ट
Ph.: 9359110376
सब पैथोलॉजी
सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

## महिला के प्लाट पर कब्जे की फिराक में है दबंग

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** प्लाट पर कब्जा करने की कोशिश की गई। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी है। महिला ने उच्चाधिकारियों को शिकायत भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।

मोहल्ला मुन्नू गंज निवासी अनुज शुक्ला की पत्नी मंजू शुक्ला ने पुलिस महानिदेशक को प्रार्थना पत्र भेजा कि उन्होंने मोहल्ला मुन्नू गंज वार्ड संख्या 12 में 26 सितंबर 2023 को विश्वजीत पुत्र बाबूराम से एक प्लाट खरीदा था। जिस पर मोहल्ले के ही एक व्यक्ति की नियत खराब हो गई है। 14 फरवरी को प्लॉट पर कब्जा करने की नीयत से वह वहां गया। कब्जा करने का प्रयास किया। जब उन्होंने विरोध किया तो उनके पुत्र और पति के साथ अभद्रता कर अपहरण करवाने की धमकी दी। महिला का आरोप है कि युवक दबंग है और परिजनों को परेशान कर रहा है।

### रविवार रहा अब तक का सबसे गर्म दिन, लू और गर्मी में बढ़ रहे पेट के रोगी

# तापमान पहुंचा 41 डिग्री, दिन भर आसमान से बरसी आग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। बीते तीन चार दिन से आसमान से आग बरस रही है तो वहीं तेज गर्म हवाओं के थपेड़े तन को झुलसा रहे हैं। रविवार को तापमान 41 डिग्री न्यूनतम तापमान भी 23 डिग्री रिकार्ड किया गया। बढ़ती गर्मी से पेट संबंधी बीमारियां बढ़ने लगी हैं।

पेट दर्द से लेकर उल्टी, खट्टी डकारें आने के मरीज जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं। डॉक्टर बन रोगों से बचने के लिए संतुलित और पौष्टिक भोजन करने की सलाह दे रहे हैं। चिलचिलाती धूप, तेज गर्म हवाओं और भीषण गर्मी से बचने के लिए लोग घरों में ही दोपहर में रहने के लिए विवश हैं। इससे दोपहर के समय गुलजार रहने वाली सड़कों पर सन्नाटा रहता है।


चेहरा ढककर व छाता लगाकर निकले लोग। ● अमृत विचार

### गर्मी में इनका करें सेवन

1. दाल, लौकी, तोरई, कद्दू सहित हरी सब्जियां खाएं।
2. सलाद में ककड़ी, खीरा, टमाटर, प्याज खाएं।
3. तरबूज, खरबूज, अंगूर, संतरा आदि मौसमी फल खाएं।
4. छाछ, लस्सी, दही, नींबू पानी, शिकंजी, नारियल पानी लें।
5. तला भुना व चटपटे भोजन एवं फास्ट फूड से बचें।
6. धूप में जाते वक्त चश्मा लगाएं और सिर ढककर निकलें।
7. घर से बाहर जाते वक्त नाश्ता व पानी की बोतल लेकर चलें।

### सप्ताह में इस तरह चढ़ता रहा पारा

| दिन | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रविवार | 41 | 23 |
| शनिवार | 40 | 23 |
| शुक्रवार | 40 | 22 |
| बृहस्पतिवार | 39 | 21 |
| बुधवार | 39 | 22 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में

### पूड़ी-पराठे से करें परहेज, रोजाना खूब खाएं सलाद



जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. शिखर बाजपेई बताते हैं कि गर्मी में पाचन शक्ति प्रभावित होने से उल्टी, दस्त, पेट में दर्द, अपच, खट्टी डकार समेत पेट की अन्य परेशानियां होना शुरू हो जाती हैं। ओपीडी में तमाम मरीज इस तरह की समस्याओं से ग्रसित होकर आ रहे हैं। गर्मी के दिनों में होनी वाली पेट की समस्याओं से बचने के लिए पूड़ी-पराठे खाने से बचने और रोजाना 400 से 500 ग्राम सलाद खाएं। गर्मी में व्यवस्थित, पौष्टिक और संतुलित भोजन करें। रात में भूख से एक चपाती कम खाएं। डिहाइड्रेशन से बचने के लिए रोजाना पांच लीटर पानी पिएं। नियम बनाकर हर आधा घंटे पर एक गिलास पानी पीना ज्यादा फायदेमंद है।

### सावधानी बरतकर करें हीट स्ट्रोक से अपना बचाव



जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरके कोली बताते हैं कि तापमान बढ़ने पर हीट स्ट्रोक का खतरा भी कई गुना तक बढ़ जाता है। इसलिए इस मौसम में सावधानी बरतें। एसी एवं कूलर से निकलकर सीधा धूप में न जाएं। इसी प्रकार धूप से आकर तुरंत ठंडा पानी पीने से बचें। लू से बचने के लिए धूप से बचकर रहें। दोपहर में घर से निकलने पर शरीर पूरी तरह ढ़के रहें। सिर पर टोपी व गमछा बांधे और आंखों पर काला चश्मा लगाएं। डायरिया एवं टाइफाइड से बचने के लिए ठेले व खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों का सेवन बिल्कुल न करें।

# धूप की तपिश...सड़कों पर जाम, मेला मैदान रोड पर रेंगे वाहन

### जाम बना जंजाल: 50 मीटर की दूरी तय करने में लोगों को लग गए 15 से 20 मिनट, गर्मी में पसीने से तरबतर हुए लोग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- मेला मैदान जाने और आने वाले लोगों को हुई भारी परेशानी
- मेन रोड, संकटा देवी, स्टेशन जाने के लिए लगाना पड़ा चक्कर

**अमृत विचार:** शहर में जाम से लोगों को निजात नहीं मिल पा रही है। संकटा देवी चौराहा से मेला मैदान रोड पर करीब दो घंटे तक जाम लगा रहा। तपिश भरे मौसम में 50 मीटर की दूरी तय करने में 15 से 20 मिनट तक का समय लग गया। इससे लोगों को परेशान होना पड़ा।

शहर में आम दिनों में भी संकटा देवी चौराहे से मेला मैदान रोड और सदर चौराहा मार्ग पर जाम लगा रहते हैं। स्कूलों में छुट्टी के समय से जाम की समस्या और ज्यादा विकराल हो जाती है। रविवार को स्कूलों और सरकारी दफ्तरों में छुट्टी के बाद भी दोपहर करीब एक बजे संकटा देवी चौराहे से मेला मैदान रोड पर जाम लग गया। बताते हैं कि ट्रेन के समय पर अक्सर संकटा देवी चौराहे पर जाम लग जाता है। लोगों का कहना है कि संकटा देवी चौराहे से कुछ दूरी पर एक गली सीधे गोला रोड स्थित क्रासिंग की तरफ जाने वाली सड़क से मिलती है। इस गली से होकर चौपहिया वाहन भी निकलते हैं, जिससे मेला मैदान रोड पर जाम लग जाता है। रविवार को भी यही हुआ। भारी वाहनों के सामने गली से निकली कार आ गई, जिससे लंबा जाम लग गया। करीब 50 मीटर की दूरी पार करने के लिए 15 से 20 मिनट का समय लग गया। इसकी वजह से संकटा देवी चौराहे से सदर चौराहा की ओर जाने वाले मार्ग, कृष्णा टॉकीज, स्टेशन रोड, गोला रोड पर भी जाम लग गया। सूरज की तपिश के कारण लोग पसीने से तरबतर हो गए। यह जाम करीब दो घंटे बाद खुल सका।


संकटा देवी चौराहे से मेला मैदान रोड पर जाम में फंसे वाहन सवार। ● अमृत विचार


मेला मैदान रोड को जोड़ने वाली गली में लगा जाम। ● अमृत विचार

### गुरुनानक कॉलेज, नहर पुलिया पर भी लगा जाम

रविवार को दिनभर गुरुनानक कॉलेज नहर पुलिया पर जाम लगता रहा। दरअसर, शहर के बाहरी इलाके जाम से अछूते नहीं रह गए हैं। हाइवे पर भी वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लगने लगी हैं। ट्रैफिक पुलिस बेबस नजर आ रही है। वह जाम छोड़ए शहर के ऑटो भी कंट्रोल नहीं कर पा रही है। ऑटो मोहल्लों की गलियों में दौड़ रहे हैं।

### नहीं लौट रही पटरी पर यातायात व्यवस्था

शहर में सबसे ज्यादा जाम नहर पटरी पर लगता है। लोग नहर पटरी पर दोनों ओर से वाहन चलाते हैं। जाम का सबसे बड़ा प्रमुख कारण यही है। हालांकि नहर पटरी पर ट्रैफिक पुलिस रहती है, लेकिन वह लोगों को नहीं रोक पाती है। अगर कोई एक वाहन गलत दिशा से आ जाता है तो घंटों जाम लग जाता है

> शहर में जाम की समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए होमगाड्र्स और सिपाहियों के साथ वह खुद मुस्तैद रहते हैं, लेकिन कुछ वाहन चालक जल्दबाजी के चक्कर में यह समस्या उत्पन्न करते हैं। इसको लेकर वाहन चालकों पर जुर्माने और चालान की भी कार्रवाई की जाती है। लोग खुद जागरूक हो जाएं तो जाम की समस्या न उत्पन्न हो। –**हरमीत सिंह**, यातायात उप निरीक्षक।

## चीनी मिल कर्मचारियों को बताए आग बुझाने के तरीके

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- बजाज शुगर मिल में मनाया गया राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह

**अमृत विचार:** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड के डिस्टिलरी यूनिट के कर्मचारियों को फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों को आग बुझाने के तरीके बताए।

मुख्य अतिथि अग्निशमन अधिकारी सुरेंद्र सिंह शिंदे ने बताया कि 14 अप्रैल 1944 को विक्टोरिया डॉकयार्ड मुंबई में सेना के माल वाहक जहाज में आग लग गई थी। आग को काबू करने में मुंबई फायर सर्विस के 66 अग्निशमन कर्मचारियों को अपनी जान की आहुति देनी पड़ी, उन फायर फाइटर को श्रद्धांजलि देने के लिए अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है। डिस्टलरी हेड सहदेव सिंह, गिरेन्द्रनाथ सिंह, खुशहाल सिंह ने अग्नि से बचाव के बारे में अवगत कराया। मिल के सुरक्षा अधिकारी शोभन औदीच्य ने सभी कर्मचारियों को सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलाई। मिल के अधिकारी दीपक मिश्रा, गौरी शंकर जोशी, खैरुल वारा कादिर, गोपाल जायसवाल, अरुण यादव, आर एस यादव, संजीव पांडे, अभिषेक सक्सेना एवं अग्निशमन कर्मचारी मौजूद रहे।


बजाज चीनी मिल में आग बुझाने का डेमो दिखाते फायर ब्रिगेड कर्मी। ● अमृत विचार

# असफलताओं से सबक लेकर करें मेहनत

कार्यालय संवाददाता लखीमपुर खीरी

- परीक्षा में कम नंबर आने व फेल होने पर न घबराएं
- अभिभावक भी बच्चों को उलाहना देकर न करें हतोत्साहित

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड ने शनिवार को परीक्षा परिणाम जारी कर दिया। परीक्षा में मनमुताबिक नंबर न मिलने और असफल रहने से छात्र तनाव में हैं।

मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि कोई भी परीक्षा आखिरी नहीं होती। इसलिए नंबर कम आने पर छात्र निराश बिल्कुल न हों। घरवाले भी अन्य के नंबरों से उनकी तुलना बिल्कुल न करें। ऐसा करने से बच्चों के दिल और दिमाग पर गलत प्रभाव पड़ता है। इस तरह बच्चे अवसाद में जा सकते हैं। जो नुकसानदेय हैं। नंबर कम आने एवं असफल होने वाले छात्रों को अभिभावक अकेला न छोड़े। अगली बार बेहतर करने के लिए प्रेरित करें।

**हाईस्कूल व इंटर में 18461 परीक्षार्थी हुए फेल :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल परीक्षा में 49653 छात्र छात्राएं शामिल हुए थे, जिसमें से 40634 ही पास हुए। इसी तरह इंटरमीडिएट के पेपर में शामिल 42952 परीक्षार्थियों में से 33510 ही पास हुए। हाईस्कूल में 9019 और इंटरमीडिएट की परीक्षा में 9442 छात्र छात्राएं असफल रहे हैं। उधर, उत्तीर्ण होने वालों में भी तमाम छात्र छात्राएं ऐसे है, जिनको मनमुताबिक अंक न मिलने का मलाल है।

| कक्षा | पंजीकृत परीक्षार्थी | शामिल | उत्तीर्ण | अनुत्तीर्ण | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| हाईस्कूल | 52736 | 49653 | 40634 | 9019 | 81.84 |
| इंटरमीडिएट | 45079 | 42952 | 33510 | 9442 | 78.02 |

### पूर्ण मनोयोग से शुरू कर दें तैयारी

वाईडी कॉलेज के अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. जेएन सिंह बताते हैं असफलता से निराश न होकर उससे सबक लें, कि आखिर सफलता मिलने में कहां पर कमी रह गई। बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक न आने पर अपने कर्तव्य पथ से विमुख बिल्कुल न हों, क्योंकि जीवन में कई परीक्षाएं होगीं। अगली परीक्षा के लिए मन लगाकर तैयारी करें।

### बच्चों को न दें उलाहना, अवसाद का खतरा है



जिला अस्पताल के मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ला बताते हैं कि परीक्षा में मनमुताबिक नंबर न आने एवं विफल होने पर घबराएं नहीं। घरवाले भी बच्चों को न तो उलाहना दें और न ही अन्य से उनकी तुलना करें। इससे बच्चों के मन में नकारात्मकता बढ़ती है। रिजल्ट के बाद बच्चे की मन स्थिति पर नजर रखें। बच्चा उदास लगे या फिर अकेले में रहने लगे तो उसे अस्पताल लाकर काउंसलिंग करवाएं। इन परिस्थितियों में बच्चों को अकेला बिल्कुल न छोड़े।


संपूर्णानगर में बालाजी की शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## गाजे- बाजे के साथ निकाली बालाजी की शोभायात्रा

संवाददाता, सम्पूर्णानगर

**अमृत विचार:** कस्बा सिंगाही खुर्द, सम्पूर्णानगर में रविवार को दुर्गा मंदिर सेवा समिति ने बालाजी की शोभायात्रा धूमधाम निकाली। बालाजी की सुंदर झांकी शोभायात्रा में चार चांद लगा रही थी।

डॉ आईए खान, उनके पिता डॉ इजहार खान आदि ने भक्तों को जलपान करा बालाजी का आशीर्वाद प्राप्त किया। शोभायात्रा सिंगाही खुर्द में नवनिर्मित बालाजी के मंदिर पर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा के दौरान इंद्रजीत सूरी, डॉ जुनेजा, जसपाल सिंह, मनोज चड्ढा, दिनेश गुप्ता, बंटी सूरी आदि लोग शामिल रहे।

### पलिया में बालाजी जन्मोत्सव 23 से

श्री बालाजी मित्र मंडल मठिया सेवा समिति पलिया द्वारा पांच दिवसीय बालाजी का जन्मोत्सव 23 अप्रैल से मनाया जाएगा। पुरानी बाजार स्थित मठिया मंदिर सहित पूरे नगर को आकर्षक ढंग से सजा दिया गया है। आयोजन समिति ने बताया गया कि 23 अप्रैल को नगर में बालाजी की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। 24 अप्रैल को सुंदरकांड पाठ, 25 अप्रैल को 51 जोड़ों के सामूहिक विवाह, 26 अप्रैल को जागरण होगा।

# कल सुबह चार बजे से 13 घंटे बंद रहेगा सीतापुर फोरलेन पर वाहनों का संचालन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर-खीरी

- एलआरपी चौराहा से ओयल के बीच नहीं चलेंगे दो पहिया समेत सभी वाहन
- हनुमान जन्मोत्सव पदयात्रा को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने किया रूट डायवर्जन

**अमृत विचार:** मंगलवार को आयोजित होने वाली हनुमान पदयात्रा को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्जन लागू किया है। यह डायवर्जन कल सुबह चार बजे से शाम चार बजे तक रहेगा। लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन पर एलआरपी से लेकर ओयल के बीच 13 घंटे तक दो पहिया सहित कोई भी वाहन नहीं चलेंगे।

शहर में करीब 12 साल से हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में विशाल पद यात्रा निकलती है। पद यात्रा में हजारों की तादाद में भक्त शामिल होते हैं। यह यात्रा संकटा देवी के सुभाष पार्क से शुरू होकर सीतापुर हाईवे पर शहर से नौ किलोमीटर दूर स्थित गुलरी पुरवा हनुमान मंदिर तक जाती है। भारी भीड़भाड़ को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्जन किया है। यह रूट डायवर्जन मंगलवार की सुबह चार बजे से शाम चार बजे तक लागू रहेगा। इस बार सीतापुर हाईवे पर एलआरपी चौराहा से लेकर ओयल के बीच दो पहिया से लेकर सभी छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन पूरी से रोक दिया गया है।

टीएसआई हरमीत सिंह ने कहा कि रूट डायवर्जन व्यवस्था मंगलवार को सुबह चार बजे से शाम चार बजे कार्यक्रम समाप्ति तक लागू रहेगी। ट्रैफिक पुलिस वाहन चालकों की सहायता के लिए उपलब्ध रहेगी। अगर कोई असुविधा होती है तो नियंत्रण कक्ष के मोबाइल नंबर 9554844045 पर संपर्क कर सकते हैं।

### ये रहेगा रूट डायवर्जन

- एलआरपी चौराहा से सीतापुर और लखनऊ की दिशा में जाने वाले वाहन छाउछ चौराहा से बेहजम होते हुए ओयल कस्बा होते हुए जाएंगे। किसी भी प्रकार के वाहन ओयल से एलआरपी चौराहा की तरफ नहीं आएगा।
- ओयल कस्बा स्थित बेहजम तिराहे से एलआरपी चौराहा की तरफ आने वाले वाले वाहन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेंगे। यहां से लखीमपुर, बहराइच और गोला की तरफ जाने वाले वाहनों को बेहजम तिराहे से बेहजम, छाउछ चौराहा होते हुए निकाला जाएगा।
- संकटा देवी चौराहा ओवरब्रिज होते हुए एलआरपी चौराहा की तरफ वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद रहेगा। संकटा देवी चौराहा से एलआरपी की तरफ जाने वाले वाहन कृष्णा टाकिज, पंडित दीनदयाल चौराहा होते हुए आ-जा सकेंगे।
- सैधरी बाईपास मोड़ से बड़े वाहनों का मेला मैदान की तरफ आवागमन पूरी तरह से बंद रहेगा। यह वाहन पंडित दीनदयाल चौराहा, बरगद तिराहा होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे। पलिया-भीरा की तरफ से आने वाले वाहन जिन्हे सीतापुर और लखनऊ जाना है। वह वाहन या तो बाईपास होते हुए छाउछ चौराहा से बेहजम रोड होकर जाएंगे या फिर महेवागंज से शारदा नगर, ढखेरवा, धौरहरा, सिसैया, लहरपुर होते हुए जाएंगे।
- खीरी व राजापुर की तरफ से कोई भी वाहन एलआरपी की तरफ नहीं जाएगा।
- छाउछ की तरफ से किसी भी प्रकार के वाहन एलआरपी की तरफ नहीं जाएंगे।
- बहराइच की तरफ से आने वाले वाहन जिन्हें पीलीभीत, शाहजहांपुर और बरेली की तरफ जाना है। यह सभी वाहन सिसैया, धौरहरा, ढखेरवा और निघासन होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे।

## यूपी बोर्ड: स्क्रूटनी के लिए 14 तक कर सकते हैं आवेदन

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद ने असंतुष्ट छात्र छात्राओं को स्क्रूटनी का मौका दिया है। 14 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जिसका शुल्क 500 रुपये निर्धारित है।

डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिन परीक्षार्थियों को यह लग रहा है कि नंबर कम मिले हैं वे स्क्रूटनी के लिए upmsp.edu.in पर ऑनलाइन आवेदन करें। ऑनलाइन आवेदन करने के बाद प्रति प्रश्न पत्र की दर से पांच सौ रुपये का शुल्क जमा करना होगा। इसके बाद ऑनलाइन आवेदन के प्रिंट और मूल चालान पत्र को रजिस्टर्ड डाक से क्षेत्रीय कार्यालय पर भेजना होगा। इसके बाद ही स्क्रूटनी होकर नंबरों में सुधार हो सकेगा। कोरियर एवं साधारण डाक से भेजे आवेदन स्वीकार नहीं होंगे।

# हड़ताल पर सफाई कर्मी, मोहल्लों में फैली गंदगी

संवाददाता पलिया कलां

- काम बंद कर सफाईकर्मियों ने की नारेबाजी, नगरवासियों की बढ़ी मुश्किलें

**अमृत विचार:** नगर पालिका के सफाई कर्मियों ने रविवार को हड़ताल शुरू कर दी। इससे शहर के मुख्य मार्गों से लेकर मोहल्लों में जगह जगह पर गंदगी के ढेर लगे हैं। हालांकि ईओ का कहना है कि नगर वासियों को किसी प्रकार दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। सफाई कर्मियों से बात कर हड़ताल खत्म करा दी जाएगी।

नगर पालिका में ठेका पर 125 सफाई कर्मी तैनात हैं। ठेका सफाई कर्मी वीरू ने बताया कि 16 मार्च को चीनी मिल रोड पर जेसीबी से बैनर पोस्टर उतारते समय हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई थी, जिसका मुकदमा भी दर्ज है। सफाई कर्मी ने बताया कि पालिका अध्यक्ष हादसे के समय जेसीबी चलाने की बात स्वीकार करने का दबाव बना रहे हैं, जबकि जेसीबी हम चला तक नहीं पाते हैं। मामला अपने ऊपर न लेने पर पालिकाध्यक्ष ने घर बैठा दिया है। इसके अलावा सफाई कर्मचारियों के पीएफ का पैसा सभी खातों में नियमित नहीं जमा हो रहा है। पीएफ की मांग करने पर पालिका प्रशासन नौकरी से निकाल देने की धमकी देता हैं। प्रदर्शन में वीरू सहित संजय, सुनील कुमार, रामकुमार, संदीप, रोहित, मयंक, पप्पू, अनुज, आकाश, वंदना, कुंती, ममता, सरवन देवी आदि तमाम सफाई कर्मी मौजूद रहे।


प्रदर्शन करते नगर पालिका के सफाई कर्मी। ● अमृत विचार


सफाई न होने से पटी गंदगी।

> 16 मार्च 2024 को भीरा रोड पर पलिया निवासी उमेश पांडेय के पुत्र की मौत के मामले में सफाई कर्मी वीरू ने पहले स्वयं ट्रैक्टर ट्राली से दुर्घटना होने की बात कही थी, जिसके बाद ट्रैक्टर ट्राली को थाने में खड़ा भी करा लिया गया था, किंतु अब यह अपनी बात से मुकर रहा है। आज सुबह सफाई कर्मचारियों के हड़ताल की सूचना मिलने पर सबको समझाने का प्रयास किया। –**केबी गुप्ता**, नगर पालिकाध्यक्ष, पलिया कलां

## जमीन के विवाद में दो पक्षों में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** ग्राम अमृतापुर निवासी दलजीत सिंह ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उनका जमीन का विवाद चल रहा है। जिसमें 16 अप्रैल को न्यायालय ने यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया था। 19 अप्रैल को बलविंदर सिंह और रनदीप सिंह ने ट्रैक्टर से पक्की मेड़ तोड़कर खेत अपने खेत में मिला लिया। मना करने पर आरोपियों ने ट्रैक्टर से दबाकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## टेल तक पानी न जाने से नहीं हो पा रही फसलों की सिंचाई

**भीरा, अमृत विचार :** विकासखंड बिजुआ के भीरा क्षेत्र में किसान अलीगंज मुख्य नहर से जुड़ी छह से अधिक नहरों के जरिए सिंचाई करते हैं, लेकिन इनका पानी आखिरी छोर तक न पहुंचने से क्षेत्र के इस समय किसान फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं।

मुख्य नहर में 460 क्यूसेक पानी छोड़ने के निर्देश है, लेकिन करीब 300 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। नहर में झाड़ियों के साथ सिल्ट जमा होने के कारण टेल तक नहीं पहुंचा। पूर्व उप ब्लॉक प्रमुख ज्ञान सिंह का कहना है अधिकारियों को इसकी पूरी जानकारी भी है, लेकिन कागजी साफ सफाई होने के कारण सभी के मुंह बंद हैं, जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। सबसे बड़ी परेशानी लघु सीमांत किसानों को हो रही है, जो आर्थिक तंगी के चलते डीजल से सिंचाई करने में असमर्थ हैं। उन्होंने डीएमसे जांच करा नहर का पानी टेल तक पहुंचाने की मांग की है।

## एक नजर

### सामान उधार न देने पर दुकानदार से की मारपीट

**गोला गोकर्णनाथ।** नगर के मोहल्ला कुम्हारन टोला निवासी रावेंद्र कुमार राजपूत ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह दोनों पैरों से दिव्यांग हैं। उसके पिता पुरुषोत्तम राजपूत दुकान पर बैठे थे। तभी पास का ही रहने वाला विशाल राजपूत पुत्र रतीराम राजपूत दुकान से कुछ सामान लेने आया। उसका पुराना हिसाब चुकता न होने पर पिता ने उसे सामान देने से मना कर दिया। इस पर वह आग बबूला हो गया और अभद्रता करते हुए मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### घर में घुसकर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव भवानीगंज नौतला निवासी सुनील कुमार ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि शनिवार की रात गांव निवासी राजा और अरुण अपने अज्ञात साथियों के साथ उसके घर में घुस आए और मारपीट की। विरोध करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। मौके पर अपनी बाइक छोड़ गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# दुकान में घुसी तेज रफ्तार कार, साइकिल मिस्त्री की मौत, चार लोग गंभीर घायल

## हादसे के बाद चालक कार छोड़कर भाग गया, घायलों हालत गंभीर

संवाददाता, रजागंज



दुकान में घुसी अनियंत्रित कार।

**अमृत विचारः** पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाईवे पर रविवार को लखीमपुर से गोला जा रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दुकान में जा घुसी, जिससे कार की चपेट में आकर पंचर बना रहे साइकिल मिस्त्री की मौत हो गई। हादसे बच्चे समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

हादसा रविवार की शाम करीब छह बजे हुआ। पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाईवे पर गांव मुर्तिहा निवासी तेजी राम (55) की साइकिल पंचर बनाने की दुकान है। शाम को लखीमपुर से गोला जा रही काले रंग की कार अनियंत्रित होकरर उसे कुचलते हुए उसकी दुकान में जा घुसी। हादसे में तेजी राम की मौके पर ही मौत हो गई। दुकान पर साइकिल बनवा रहा आर्यन (5) बालगोविंद (30) निवासी फूलबेहड़, ताज (25) निवासी मुर्तिहा, इरफान (32) निवासी हजरतपुर थाना फूलबेहड घायल हो गए। इससे अफरा-तफरी मच गई। तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। हादसे के बाद कार मौके पर छोड़कर चालक फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में सभी घायलों को सीएचसी फरधान भेजा, जहां से डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया है। गोला पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार चार छात्र घायल,

**पलिया कलां।** बाइक और कार की आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार चार छात्र घायल हो गए। घायलों में तीन छात्रों की हालत गंभीर बनी हुई है, जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। थाना मझगई के ग्राम लोधपुरवा निवासी नितिन लोधी पुत्र प्रदीप लोधी, पृथ्वीपुरवा निवासी प्रियांशु मौर्य पुत्र सोमेश्वर मौर्य, लोखंदर पुरवा निवासी आशीष कुमार तव लतीश राठौर भीरा थाना क्षेत्र के गांव बोझवा के कृषि महाविद्यालय में स्नातक के छात्र हैं। शनिवार शाम विद्यालय से एक बाइक पर सवार होकर अपने घरों को जा रहे थे। भीरा थाना क्षेत्र के गांव कचनारा के निकट उनकी बाइक सामने से आ रही कार से टकरा गई। जिससे चारों दूर जा गिरे। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। नितिन लोधी, प्रियांशु मौर्य व आशीष कुमार की हालत गंभीर है।

## भाई की मौत से परेशान बहन ने जहर खाकर दी जान

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** दो महीने पहले भाई की मौत से परेशान रहने वाली किशोरी ने घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिवार के लोग उसे जिला अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई।

थाना सिंगाही के गांव सिंगहा निवासी फैजल ने बताया कि उसके भाई अफजल (18) की करीब दो महीने पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी। भाई की मौत के बाद बहन आसमीन (16) सदमे में आ गई। बहन ने काफी दिनों तक खाना-पीना छोड़ दिया। घर के अन्य सदस्यों के समझाने के बाद कुछ सुधि में आई लेकिन काफी परेशान रहती थी। शनिवार की सुबह किसी समय उसकी बहन ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिवार वालों को जानकारी हुई। परिवार के लोग आनन-फानन में सीएचसी निघासन ले गए, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान देर शाम उसकी मौत हो गई।

# पत्नी, प्रेमी पर आत्महत्या को उकसाने की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- कोर्ट के आदेश पर थाना पलिया पुलिस ने की कार्रवाई
- रामप्रसाद पुरवा निवासी सूरज की मौत का मामला

**अमृत विचारः** थाना पलिया के गांव रामप्रसाद पुरवा निवासी सूरज के आत्महत्या करने के मामले में नया मोड़ आ गया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मृतक की पत्नी, उसके प्रेमी, सास-ससुर समेत पांच लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की है। आरोप है कि ससुराल वालों की पिटाई से आहत होकर सूरज ने जहर खाकर आत्महत्या की थी।

गांव रामप्रसाद पुरवा निवासी पंचम ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके पुत्र सूरज का विवाह 7 फरवरी 2023 को थाना मझगईं क्षेत्र के एक गांव से हुआ था। उनकी बहू के गांव शंकरपुर निवासी आशीष से अवैध संबंध थे। आशीष का आना-जाना पुत्र की ससुराल में था। 7 जुलाई 2023 को सूरज अपनी ससुराल गया था, जहां उसने अपनी पत्नी को आशीष के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। उसने विरोध किया तो ससुराल वाले भड़क गए। पत्नी ने अपने प्रेमी आशीष, भाई अजय, पिता और मां के साथ मिलकर सूरज को डराया धमकाया और मारपीट की। इससे क्षुब्ध होकर सूरज ने घर आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत गंभीर होने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां आठ जुलाई को मौत उसकी हो गई थी। सूरज ने जहर खाने से पहले एक सुसाइड नोट लिखा, जो उसके कमरे से मिला था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था, लेकिन तहरीर देने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मृतक की पत्नी, प्रेमी समेत सभी पांचों आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। प्रकरण की जांच एसआई इंसाफ अली को सौंपी गई है।

# दस हजार रुपये के लालच में युवक की हत्या कर जंगल में फेंका शव

संवाददाता, उचौलिया

- 16 वर्षीय किशोर समेत दो गिरफ्तार नौ दिन बाद बरामद हुआ शव

**अमृत विचारः** थाना उचौलिया क्षेत्र में 10 हजार रुपयों के लिए अक्सर पास में उठने बैठने वाले एक 16 वर्षीय किशोर ने एक व्यक्ति के साथ मिलकर बनका गांव निवासी किशोरी लाल की हत्या कर दी और उसका शव जंगल में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर नौ दिन बाद उसका शव कंकाल जैसी अवस्था में जंगल से बरामद किया है।



मृतक किशोरीलाल।

गांव बनका निवासी राजेश ने बताया कि उनका भाई किशोरी लाल (41) नशा करता था। इसी चक्कर में गांव का 16 वर्षीय किशोर उसके भाई के पास आकर उठता बैठता था। दोनों के बीच काफी गहरी दोस्ती हो गई थी। 13 अप्रैल को आरोपी किशोर भाई के पास आया। किशोरीलाल अपनी मोपेड से उक्त किशोर के साथ पड़ोसी गांव रहीमपुर गया था। शाम को किशोर ने उसकी मोपेड घर पर लाकर खड़ी कर दी और चला गया, लेकिन उनका भाई वापस देर शाम तक नहीं पहुंचा तो परिवार के लोगों ने आरोपी किशोर से पूछताछ की, लेकिन उसने कोई सही बात नहीं बताई। इससे परिवार के लोग परेशान हो उठे और उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चला। इस पर राजेश ने भाई के गायब होने की सूचना पुलिस को दी।

पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली, लेकिन उसकी तलाश के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाए। राजेश ने बताया कि तीन दिन बाद वह फिर थाने गए और पुलिस से मिलकर किशोर पर शक जाहिर किया, लेकिन पुलिस हरकत में आठ दिन बाद आई। पुलिस ने आरोपी किशोर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह टूट गया। उसने अपने साथी रहीमपुर निवासी मुल्तान सिंह के साथ मिलकर हत्या करने की बात कबूल की।

बताया कि किशोरी लाल के पास 10 हजार रुपये थे। वे रुपये हड़पने के लिए हत्या कर दी। इस पर पुलिस दूसरे आरोपी मुल्तान सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों की निशानदेही पर रहीमपुर के जंगल से उसका शव बरामद किया है। शव की स्थिति बड़ी खराब थी। जंगली जानवरों ने नोच कर उसे कंकाल जैसा कर दिया था। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने डंडों से पिटाई कर हत्या करने की बात कही है। थानाध्यक्ष जितेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या करने का तरीका और भी स्पष्ट होगा। मृतक के घर में मंद बुद्धि की पत्नी और एक बेटी है।

## एनसीईआरटी के स्वयं पोर्टल पर होगी 11 विषयों की पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं एप, एक सितंबर तक होंगे पंजीकरण

**अमृत विचारः** एनसीईआरटी ने स्वयं पोर्टल तैयार किया है। इससे कक्षा-11 एवं 12वीं के छात्रों को पढ़ने के लिए 11 विषय मिलेगें। यह पोर्टल निःशुल्क है। छात्रों को पंजीकरण करना होगा।



डॉ. दिनेश कुमार जायसवाल।

लखनऊ मंडल के विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि स्वयं पोर्टल का उद्देश्य युवाओं के मानसिक स्तर को प्रभावशाली के साथ सक्रिय बनाना है। इस पोर्टल पर 22 अप्रैल से 30 सितंबर तक एनसीईआरटी की ओर से कक्षा 11व 12 के छात्रों के लिए ऑनलाइन कोर्स उपलब्ध रहेगा। इस पोर्टल पर छात्र छात्राओं से लेकर शिक्षक व अभिभावक भी पाठ्यक्रम का उद्देश्य एवं पढ़ाने का तरीका जानने के लिए 15 अप्रैल से एक सितंबर तक पंजीकरण करा सकते हैं। ऑनलाइन कोर्स में कुल 28 भाग हैं। इसमें कक्षा 11 एवं 12 के रसायन, भौतिक एवं जीव विज्ञान के साथ व्यावसायिक अध्ययन, समाज शास्त्र, गणित, भूगोल, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, अंग्रेजी, लेखाकार (एकाउंटेंसी) आदि महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं। मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी ने बताया कि इस कोर्स से अधिक छात्रों और शिक्षकों को जोड़ने के लिए डीआईओएस को निर्देशित कर दिया गया है। गूगल प्ले स्टोर पर जाकर स्वयं एप डाऊनलोड कर कोर्स के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# ट्रक ने दो बाइकों में मारी टक्कर दो युवकों की मौत, चार घायल

संवाददाता, बेहजम

**अमृत विचारः** थाना नीमगांव क्षेत्र के गोला सिकंदराबाद मार्ग पर गांव बेलाबोझी के पास ट्रक ने दो बाइकों में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। घायलों को हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसा रविवार की देर रात हुआ। गांव बेलाबोझी के निकट कस्ता की तरफ से गोला की ओर जा रहे ट्रक ने दो बाइकों में टक्कर मार दी, जिससे दोनों बाइकों पर सवार सभी लोग बाइक समेत सड़क पर गिर गए। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से भाग निकला। हादसे में थाना नीमगांव के पिपरा गांव निवासी श्रवण कुमार व नीमगांव थाना क्षेत्र के गांव कोडरी निवासी इंद्रजीत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नीमगांव थाना क्षेत्र के परसेहरा गांव निवासी उपेंद्र, विकास, थाना हैदराबाद के गांव पडरी निवासी सूरज और दिनेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची सिकंदराबाद चौकी पुलिस सभी घायलों को लेकर गोला सीएचसी पहुंची, जहां से डॉक्टर ने बेसुध हालत होने पर सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।



हादसे के बाद मौके पर लगी भीड़। • अमृत विचार

### अज्ञात वाहन की टक्कर से ग्रामीण की मौत, रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ।** कोतवाली क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक ग्रामीण की मौत हो गई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोपालापुर निवासी ओमकार ने बताया कि उसके पिता छोटेलाल (54) 19 अप्रैल की शाम 7:30 बजे गोपालापुर से खोजियापुर के खेत में गेहूं की फसल देखकर पैदल आ रहे थे। तभी अज्ञात चौपहिया वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर परिजन उन्हें इलाज के लिए लखीमपुर ले जा रहे थे। रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बार-बार गर्भपात हो रहा है तो बरतें सावधानी

बरेली कार्यालय



गाइनी कॉन्फ्रेंस के समापन पर मौजूद डॉक्टर्स। • अमृत विचार

- 35वीं प्रादेशिक वार्षिक गाइनी कॉन्फ्रेंस का समापन, वरिष्ठ चिकित्सक सम्मानित

**अमृत विचार :** बरेली ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गाइनोकॉलोजिकल सोसायटी की ओर से नैनीताल रोड स्थित एक रिसोर्ट में आयोजित 35 वीं प्रादेशिक वार्षिक गाइनी कॉन्फ्रेंस का रविवार देर शाम समापन हो गया। कांफ्रेंस में सुरक्षित मातृत्व, गर्भावस्था के दौरान होने वाली जटिलताएं समेत अन्य प्रमुख विषयों पर अतिथियों ने अपने अनुभव साझा किए।

आयोजन सचिव डॉ. लतिका अग्रवाल ने बताया कि तीन दिवसीय कांफ्रेंस में 500 से अधिक डॉक्टर शामिल हुए। इनमें मुंबई, दिल्ली, गुरुग्राम से आए वरिष्ठ डॉक्टरों ने कार्यशाला में नई चिकित्सा पद्धतियों के बारे में अन्य डॉक्टरों और पीजी के छात्रों को जानकारी दी। मुंबई से आईं वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सुचित्रा पंडित ने बताया कि आज कल महिलाओं में बार-बार गर्भपात हो जाने की समस्या सामने आ रही है, ऐसे में गर्भधारण करने के बाद भय के चलते परिजन डॉक्टरों पर ऑपरेशन का दबाव बनाते हैं, लेकिन गर्भधारण करने के बाद से ही खानपान का विशेष ध्यान रखा जाए तो सामान्य प्रसव भी संभव है। लखनऊ की डॉ. प्रीति और अहमदाबाद से आए वरिष्ठ डॉ. एमसी पटेल ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस मौके पर अतिथि चिकित्सकों को प्रमाण पत्र और मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. मृदुला शर्मा, आयोजन सचिव डॉ. प्रगति अग्रवाल, डॉ. रश्मि शर्मा, डॉ. नीरा अग्रवाल, डॉ. भारती सरन, डॉ. गायत्री सिंह, वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल अग्रवाल, डॉ. भारती सरन, डॉ. मोनिका वार्ष्णेय, डॉ. संध्या गंगवार, डॉ. भारती माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

### आराम परस्ती गर्भवतियों के लिए खतरनाक

मुंबई से आईं वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सुचित्रा पंडित ने बताया कि बरेली से उनका गहरा नाता है, शहर के रामपुर गार्डन स्थित आवास में उनका बचपन बीता है, सेंट मारिया स्कूल से 5वीं तक शिक्षा ग्रहण करने के बाद उनका परिवार मुंबई शिफ्ट हो गया। डॉ. सुचित्रा पंडित ने बताया कि लगातार बदलते परिवेश में लोग आराम परस्त हो गए हैं खासकर महिलाओं के लिए यह काफी खतरनाक है। शहरी क्षेत्र की महिलाओं की तुलना में ग्रामीण परिवेश की महिलाओं के सामान्य प्रसव अधिक होते हैं, क्योंकि गांव की महिलाएं गर्भावस्था के दौरान जमीन पर बैठकर सब्जी काटना, झाड़ू लगाना, अन्य कार्य करती हैं जबकि शहरी क्षेत्र की महिलाएं शौच जाने पर भी विदेशी टॉयलेट का उपयोग करती हैं। गर्भावस्था के दौरान शारीरिक गतिविधि जारी रखना बहुत आवश्यक है।

## कला प्रतियोगिता में प्रतिभा प्रथम शौर्य शुक्ला को मिला दूसरा स्थान



पुरस्कृत हुए विद्यार्थी व द नेचर सोसायटी के सदस्य। • अमृत विचार

संवाददाता, पलिया कलां

- विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुई प्रतियोगिता

**अमृत विचार :** विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में द नेचर सोसाइटी की कला प्रतियोगिता में गोल्डन फ्लावर स्कूल की प्रतिभा ने प्रथम और सरस्वती विद्या मन्दिर के शौर्य शुक्ला ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि पलिया मांटेसरी की सृष्टि तीसरे स्थान पर रहीं।

मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य राम प्रताप सिंह ने बच्चों को पुरस्कृत किया। सोसाइटी के उपाध्यक्ष अभिषेक कनोजिया, अध्यक्ष शेखर श्रीवास्तव ने जल, जंगल, ज़मीन को संरक्षित करने पर जोर दिया। प्रिया, अंशुल राना, साक्षी, आस्था गुप्ता, माही को सांत्वना को पुरस्कार दिया गया। सोसाइटी के सदस्य रविशर्मा, प्रतुल शर्मा, रवि कुमार, आकाश भारद्वाज और शिक्षक आदि मौजूद रहे।

## अलाइनर्स विधि से टेढ़े-मेढ़े दांतों को किया जा सकता ठीक

**बरेली कार्यालय, अमृत विचार :** इंडियन डेंटल एसोसिएशन की ओर से रविवार को शहर के एक होटल में अलाइनर्स तकनीकी पर क्लिनिकल गोष्ठी हुई। केरल से आए अलाइनर्स विशेषज्ञ डॉ. बीनू पुन्नूज गोल्ड ने बताया कि टेढ़े मेढ़े दांतों को तार लगाकर सही किया जाता है, जो अब पुरानी तकनीकी हो चुकी है। तार लगे होने से लोग खुलकर हंसने या फिर बात करने में संकोच करते हैं, लेकिन अब इससे छुटकारा मिल सकता है, क्योंकि अब अलाइनर्स विधि से ही टेढ़े-मेढ़े दांत ठीक हो सकते हैं। मरीज के दांत की पूरी नाप लेकर अलाइनर्स का सेट तैयार किया जाता है जो पारदर्शी होता है। इसे मरीज को कम से कम 22 घंटे तक पहनना होता है। ब्रश करते समय, खाना खाते समय इसे निकाल दिया जाता है। तीन से 14 माह तक इसका उपयोग किया जाता है और टेढ़े मेढ़े दांत सही हो जाते हैं। आईडीए के अध्यक्ष डॉ. दिनेश राय, सचिव डॉ. अनूप आर्य, डॉ. राघव चौधरी, डॉ. पुनीत लूनियाल, डॉ. रुचिर कुमार, डॉ. सविता सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## बाइकों की टक्कर में एक की मौत, दूसरा घायल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली सदर के मोहल्ला पटेल नगर निवासी सुरेश बरनवाल (44) कास्मेटिक का सामान बेच कर रविवार की शाम ढखेरवा से वापस घर आ रहा था। रविवार शाम करीब आठ बजे इंदिरा मनोरंजन पार्क के पास टेढुई मोड़ पर सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में सुरेश (44) की मौके पर मौत हो गई। वही दूसरा अज्ञात बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने एंबुलेंस से घायल को जिला अस्पताल भेजा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### पब्लिक नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती स्वाति शर्मा पत्नी प्रतीक गौड़ व प्रतीक गौड़ पुत्र श्री सुरेन्द्र मोहन शर्मा, निवासीगण आदर्श नगर कालोनी नियर वीर सावरकर नगर, बरेली को एस.एम.एफ.जी. इण्डिया होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड में बंधक कर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है, उक्त सम्पत्ति के बाबत एक किता रजिस्टर्ड पिछला मूल बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 12.12.2011 वही सं.-1 जिल्द संख्या-4993 पृष्ठ सं.-57 से 78 क्रमांक 13619 स.र. बरेली में हुई कहीं खो गया है। जिसकी सूचना दिनांक 20.04.2024 को पुलिस को दी जा चुकी है। उक्त मूल बैनामे में अनुपलब्धता के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुये कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है उपरोक्त लोन जारी कर दिया जायेगा।

**अमिताभ भंज, एडवोकेट**
**कार्यालय चैम्बर नं. 11, बड़ा वकालतखाना, सिविल कोर्ट, बरेली।**
**सूचीबद्ध अधिवक्ता**

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# बरात आने से पहले टूटा छज्जा, मलबे में दबकर दुल्हन के भतीजे की मौत

संवाददाता, मिर्जापुर/ शाहजहांपुर

### तीन माह पहले मां की हो गई थी मृत्यु

कार्तिक दो भाई और दो बहनों में सबसे छोटा था। तीन माह पहले कार्तिक की मां आरती देवी की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। कार्तिक की देखभाल और परवरिश की जिम्मेदारी पिता अवनीश और 20 वर्षीय भाई व 17 वर्षीय बहन पर थी, एक बहन दस वर्ष की है। कार्तिक परिवार का सबसे लाड़ला था, उसकी मौत से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ था।

**अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव तिलहनिया में रविवार को बरात आनी थी। दुल्हन के घर को बिजली की झालरों से सजाया जा रहा था। इसी दौरान मकान का छज्जा टूटकर गिर गया। नीचे खेल रहे दुल्हन के भतीजे पर मलबा गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं तीन वर्षीया बच्ची घायल हो गई। शादी वाले घर में मातम छा गया।

गांव तिलहनिया निवासी अवनीश कुमार की चचेरी बहन सिंकी सिंह की रविवार शाम को बरात आनी थी। इसलिए मेहमानों के लिए आवभगत की तैयारियों के साथ ही मकान की सजावट भी हो रही थी। सभी लोग अपने-अपने काम में लगे हुए थे। मेहमानी में आए बच्चे भी शादी की तैयारियों के बीच खेलकूद मचा रहे थे। दोपहर करीब दो बजे बिजली की झालर छत पर डालने के लिए बिजली मिस्त्री छत पर चढ़ गया और छज्जे पर खड़े होकर झालर डाल रहा था, वहीं छज्जे के नीचे अवनीश कुमार का पांच वर्षीय बेटा कार्तिक और गांव की तीन वर्षीय काव्या खेल रही थी। उसी समय अचानक छज्जा गिर गया। जिसका मलबा नीचे खेल रहे कार्तिक और काव्या के ऊपर गिर गया। इस घटना में कार्तिक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि काव्या घायल हो गई। जबकि बिजली मिस्त्री बाल-बाल बच गया। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया। शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्तिक के शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। शादी में अब दूल्हा समेत केवल पांच लोगों को बुलाया गया है, जिससे शादी की रस्में पूरी की जा सकें। घायल काव्या को फर्रुखाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद

**कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक**
**122, सिविल लाइन्स, बरेली।**
**सर्व साधारण को सूचना**

परिषद की राजेन्द्र नगर यो.सं.-2, बरेली में स्थित दु.आ.वर्ग भवन सं.-बी-113/3 आवास विकास परिषद द्वारा श्री राम किशोर शुक्ला पुत्र श्री रघुनन्दन प्रसाद शुक्ला को प्रदेशन पत्र सं.-1532 दिनांक 28.03.1984 द्वारा आवंटित किया गया था। श्री राम किशोर शुक्ला पुत्र श्री रघुनन्दन प्रसाद शुक्ला ने श्रीमती किलोरी देवी पत्नी श्री नरायन दास रस्तोगी को अपना मुख्त्यारेआम नियुक्त किया गया था। श्रीमती किलोरी देवी पत्नी श्री नरायन दास रस्तोगी ने मुख्त्यारेआम के आधार पर विक्रय विलेख मूल आवंटी के पक्ष में दिनांक 18.05.1999 को निष्पादित कराने के उपरान्त भवन का विक्रय मुख्त्यारेआम की हैसियत से श्री धीरज वर्मा पुत्र स्व. श्री श्याम सुन्दर वर्मा को कर दिया गया। अब श्री धीरज वर्मा पुत्र स्व. श्री श्याम सुन्दर वर्मा द्वारा अवगत कराया गया है कि विक्रेता श्रीमती किलोरी देवी पत्नी श्री नरायन दास रस्तोगी का काफी तलाशने पर भी कोई अता-पता नहीं चल पा रहा है जिस कारण मैं उनके कोई भी प्रपत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ हूं। इस हेतु परिषद नियमानुसार जो भी कार्यवाही हो मैं करने के लिए बाध्य रहूंगा तथा भवन का अन्तरण अपने पक्ष में कराने हेतु परिषद नियमानुसार निम्न प्रपत्र आन लाईन प्रार्थना पत्र के माध्यम से कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं।

अतः एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजेन्द्र नगर यो.सं.-2, बरेली में स्थित दु.आ.वर्ग भवन सं.-बी-113/3 का अन्तरण श्री धीरज वर्मा पुत्र स्व.श्री श्याम सुन्दर वर्मा के पक्ष में किया जाना है। भवन सं.-बी-113/3 के अन्तरण में किसी प्रकार की यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर कार्यालय में साक्ष्य सहित आपत्ति दाखिल कर सकते हैं। समय सीमा व्यतीत हो जाने के उपरान्त किसी भी आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा तथा तदनुसार सम्पत्ति का अन्तरण श्री धीरज वर्मा पुत्र स्व. श्री श्याम सुन्दर वर्मा के पक्ष में करने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

**सम्पत्ति प्रबन्धक**

